E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
2 अक्टूबर, 2026
शुक्रवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 79 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) — सोच नई, राजस्थान के लिए — मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

भारत-पाकिस्तान 2027 के वनडे वर्ल्डकप में 10 अक्टूबर को भिड़ेंगे: 3 बार आमने-सामने आ सकते हैं

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान 2027 वनडे वर्ल्ड कप में 10 अक्टूबर को आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें एक ही ग्रुप में हैं। टूर्नामेंट के दौरान दोनों के बीच 3 बार मुकाबला हो सकता है। ICC ने गुरुवार को वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी किया। टूर्नामेंट 2 अक्टूबर से 21 नवंबर तक खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में पहली बार 14 टीमें हिस्सा लेंगी और 57 मैच खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट का 14वां एडीशन होगा। मुकाबले 12 वेन्यू पर होंगे। मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। पाकिस्तान वनडे वर्ल्ड कप में भारत

को कभी हरा नहीं पाया है। दोनों टीमें 8 बार आमने-सामने हुई है। ओवरऑल ICC इवेंट्स वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी मिलाकर भारत और पाकिस्तान के बीच 23 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें भारत 19 बार जीता है।

भारत का पहला मैच 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से

भारत पहला मैच 7 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केप टाउन में खेलेगा। टीम को 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने ही हराया था। ग्रुप-A में भारत और पाकिस्तान को एक साथ रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और मेजबान जिम्बाब्वे भी इसी ग्रुप में हैं। ग्रुप-B में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। दोनों ग्रुप्स में एक-एक टीम क्वालिफायर मुकाबलों से आएगी। नए फॉर्मेट से भारत और पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में 3 बार आमने-सामने हो सकते हैं।

- **पहला मुकाबला (ग्रुप स्टेज):** भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। दोनों के बीच पहला मुकाबला तय हो गया है।
- **दूसरा मुकाबला (सुपर-7):** इस स्टेज में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। भारत और पाकिस्तान दोनों इस स्टेज में पहुंचते हैं, तो दोनों के बीच दूसरी बार मुकाबला होगा।
- **तीसरा मुकाबला (सेमीफाइनल या फाइनल):** सुपर-7 की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। अगर भारत और पाकिस्तान सेमीफाइनल या फाइनल में आमने-सामने आते हैं, तो दोनों की तीसरी भिड़ंत होगी।

नया फॉर्मेट, सुपर सीरीज से शुरुआत होगी

ICC ने 2027 वर्ल्ड कप का फॉर्मेट बदला है। टूर्नामेंट की शुरुआत सुपर सीरीज से होगी, जिसमें रैंकिंग के आधार पर 12वें, 13वें और 14वें स्थान पर रहने वाली तीन टीमें राउंड-रॉबिन खेलेंगी। तीनों में टॉप पर रहने वाली टीम ग्रुप स्टेज में पहुंचेगी। इसके बाद 12 टीमें दो ग्रुप में बंटेंगी। दोनों ग्रुप में 6-6 टीमें होंगी और हर टीम अपने ग्रुप की बाकी पांच टीमों से खेलेगी। इस स्टेज के 30 मैचों के बाद दोनों ग्रुप की टॉप-3 टीमें और चौथे स्थान वाली टीमों में बेहतर रिकॉर्ड वाली टीम सुपर-7 में पहुंचेगी। सुपर-7 में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। ग्रुप स्टेज के पॉइंट्स यहां नहीं जुड़ेंगे। इसमें 21 मैच होंगे और पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। नंबर-1 टीम का सामना नंबर-4 से और नंबर-2 टीम का सामना नंबर-3 से होगा।

ब्रीफ न्यूज

लगातार 8वें हफ्ते फिसला बाजार, मंदी के करीब निफ्टी-सेंसेक्स

मुंबई। शेयर बाजार लगातार 8वें हफ्ते लाल निशान में बंद हुआ है। आज 1 अक्टूबर को हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 570 अंक या 0.79% नीचे 71,910 पर बंद हुआ। निफ्टी में 198 अंक या 0.88% की गिरावट रही, ये 22,422 पर आ गया है। ऑटो और मीडिया शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली है। ये लगातार 8वां हफ्ता है जब बाजार लाल निशान में बंद हुआ है। ये पिछले 25 सालों में गिरावट का सबसे लंबा दौर है। इससे पहले साल 2001 में बाजार में लगातार 9 हफ्तों तक गिरावट आई थी।

कल से शुरू होगी उदयपुर-सूरत वंदे भारत

नई दिल्ली। गुजरात और राजस्थान के बीच मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा

में भारतीय रेल एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारतीय रेल का पश्चिम रेलवे जोन गुजरात के सूरत और राजस्थान के उदयपुर के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने जा रहा है। ये नई वंदे भारत ट्रेन 3 अक्टूबर से कमर्शियल सर्विस शुरू करेगी। शेड्यूल जारी किया है।

जहाज में चोरी का प्रयास गैस से 4 की मौत

मुंबई। मुंबई के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास फंसे विदेशी झंडे वाले एक जहाज में कथित तौर

पर चोरी के प्रयास के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया घटना दो से तीन दिन पहले हुई। उन्होंने बताया कि तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण जहाज चार महीने पहले तट के पास फंस गया था।

» अंदर विशेष

▪ टंकी पर चढ़ा युवक, गर्दन पर ब्लेड मारी
...पढ़े पेज 2 पर

▪ वाल्मीकि समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी
...पढ़े पेज 4 पर

प्रधानमंत्री ने यूपीएससी के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया, बोले

भारत मंडपम में किया गया आयोजन प्रधानमंत्री ने दी अहम सलाह

सरकार माई-बाप नहीं, नागरिक देवो भव है यूपीएससी के नए दौर का मंत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया और अफसरों को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम है ,जिसमें यूपीएससी के इतिहास और भविष्य को लेकर मंथन किया जा रहा है। अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक घटना घटी और भारत के कैप्टन स्मित ने जिस प्रकार से धैर्य, सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। इस हिंदुस्तानी ने 9/11 होने से बचा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे यहां गैलरी देख रहे थे तो उन्होंने देखा कि 1920 में सुभाष चंद्र बोस भी इसी प्रक्रिया से गुजरे थे। उन्होंने कहा कि मेरा इस बात पर ध्यान गया कि उस समय अंग्रेजों की हुकूमत थी लेकिन संस्कृत का पेपर हुआ करता था और सुभाष बाबू ने संस्कृत में पेपर लिखा है।

▪ **2 कसौटियों को याद रखें हिदायत दी**

2 दिनी कार्यक्रम में इतिहास और भविष्य को लेकर मंथन किया जा रहा

राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए सरदार पटेल को किया नमन

आज के ऐतिहासिक अवसर पर पीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद उनके सामने केवल एक देश को आजाद रखने की चुनौती नहीं थी बल्कि उनके सामने एक राष्ट्र को चलाने की चुनौती भी थी। राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए जिस स्किल फ्रेम की जरूरत थी, वो सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दिया। आजाद भारत का एक प्रमुख स्तंभ बनाया, इसे सशक्त किया।

नागरिक की सेवा को सर्वोपरि रखें ये देवता से कम नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने अतीत का वो दौर देखा है, जब माना जाता था कि सरकार ही माई-बाप है लेकिन आज का ये दौर नागरिक देवो भव का है। देश का नागरिक हमारे लिए किसी देव से कम नहीं है। हमारे लिए नागरिक की सेवा सर्वोपरि है। आज का भारत, एक नई कार्य-संस्कृति के साथ बढ़ रहा है।

प्रोफेशनल्स ऐसे हों जो गरीबों का दर्द समझें

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे प्रोफेशनल्स की जरूरत है जिनमें गरीबों का दर्द समझने की संवेदनशीलता हो, जो समस्या के समाधान में इनोवेटिव हों और देश की जरूरतों को समझते हों। ऐसे प्रोफेशनल्स जो यह सुनिश्चित करें कि कानूनों का पालन हो लेकिन यह भी समझें कि कोई विशेष कानून लोगों के लिए अच्छा है या नहीं। कैपेसिटी बिल्डिंग पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीएससी और राज्यों के चयन आयोगों की कैपेसिटी बिल्डिंग का काम भी निरंतर होते रहना चाहिए। मिशन कर्मयोगी के तहत जो आईगोट प्लेटफॉर्म बनाया गया है, उसका उपयोग अंदरूनी व्यवस्थाओं और टीम की क्षमता बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है।

नेशन फर्स्ट, सीटिजन फर्स्ट को याद रखें

युवाओं की भर्ती पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप जिन युवाओं की भर्ती कर रहे हैं, वो विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे और वही विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी भी होने वाले हैं। हमें दो कसौटियों को हमेशा याद रखना है। एक- नेशन फर्स्ट, दूसरी-सीटिजन फर्स्ट। यही दो कसौटियां हैं, जिन पर हर सेलेक्शन को कसा जाना है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे युवाओं को पब्लिक सर्विस में लाना होगा जो पब्लिक ऑफिस से नहीं बल्कि पब्लिक सर्विस से आकर्षित हों। इसलिए जरूरी है कि भर्ती परीक्षा सिर्फ यह न परखे कि उम्मीदवार कितना जानता है बल्कि यह भी देखे कि वह युवा सिविल सर्विस में आना क्यों चाहता है।

आपका काम युवाशक्ति के भविष्य से जुड़ा, रिफॉर्म पर काम करें

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी को हमेशा याद रखना है कि आपका काम युवाशक्ति के भविष्य से जुड़ा है।युवाशक्ति से राष्ट्रशक्ति के निर्माण का जो मिशन है, आप उसका एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। बीते वर्षों में आपने इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाई भी है। देश तेजी से रिफॉर्म एक्सप्रेस पर आगे बढ़ रहा है, इस पर काम करें।

किताब, डाक टिकट और सिक्का जारी किया

प्रधानमंत्री ने आयोग की भूमिका और प्रशासनिक व्यवस्था में उसके योगदान को रेखांकित किया। संघ लोक सेवा आयोग ने 1 अक्टूबर 2026 को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे किए। इस अवसर पर भारत मंडपम में दो दिवसीय शताब्दी समारोह 'मंथन' आयोजित किया गया। आयोग की स्थापना 1 अक्टूबर 1926 को हुई थी। इस दौरान किताब, डाक टिकट और सिक्का जारी किया। यूपीएससी ने सिविल सेवाओं के लिए निष्पक्ष और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

बालाघाट में मृत आदिवासी बच्चों के परिवारों से मिले राहुल गांधी

एमपी: कहा- ये देश के मालिक, इन्हें हक मिले

बालाघाट। राहुल गांधी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के बालाघाट के जगला गांव में बैगा आदिवासियों से मुलाकात की। वे यहां बीमारी से जान गंवाने वाले बच्चों के परिवारों से मिलने पहुंचे थे।

एक घंटे की मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक हैं, उन्हें उनका हक मिलना चाहिए, लेकिन एमपी में ऐसा नहीं हो रहा है। केंद्र और राज्य की सरकार ने बेसहारा छोड़ दिया है। बीमारी से निपटने में राज्य सरकार पूरी तरह फेल रही। वे यह मुद्दा लोकसभा में उठाएंगे। राहुल से मिलने आसपास के गांवों से करीब डेढ़ हजार लोग पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने माटे प्राथमिक शासकीय स्कूल में बच्चों से मिड डे मील के बारे में जाना। बालाघाट जिले में पिछले 3 महीनों में कुपोषण और मलेरिया से 32 आदिवासी बच्चों की मौत हुई है। कांग्रेस का दावा है कि मौतों की संख्या ज्यादा है। भाजपा ने राहुल के दौरे को राजनीतिक माइलेज लेने की कवायद बताया है।

जस्टिस इंद्रजीत बोले- सच्चे दिल से मांगो तो भगवान भी देता है

मैंने सीजे से कहा था- आप राजस्थान आ रहे हो, इन्होंने कहा- आप अंतर्यामी हो

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल का हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर की ओर से गुरुवार को स्वागत किया गया। समारोह में हाईकोर्ट जयपुर बेंच के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने कहा- अगर आप सच्चे दिल से भगवान से कुछ मांगते हैं तो वो देता है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने कहा- मैं 9 अगस्त को चीफ साहब के साथ इंदौर में एक कॉन्फ्रेंस में था। ये मेरे बगल में बैठे थे। मैंने कहा- सर आप राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश बनकर आ रहे हैं। इस पर ये मुस्कुराए और मुझसे कहा कि आप तो अंतर्यामी हो। मैंने कहा- नहीं, यह मेरी शुभकामनाएं हैं। इंद्रजीत सिंह बोले- छत्तीसगढ़ से जस्टिस एमएम श्रीवास्तव पहले राजस्थान हाईकोर्ट में आए थे। उन्होंने राजस्थान के न्याय जगत को बहुत कुछ दिया। अब भगवान ने सुनी और आपने (जस्टिस संजय के. अग्रवाल) यहां चीफ जस्टिस बनकर शपथ ली।

शिवाजी पार्क में दीपके के साथ नहीं होंगे पार्टी के 'बड़े चेहरे'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को प्रदर्शन का ऐलान किया है।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए सी जे पी आंदोलन करने जा रही है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने अभी तक प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है, लेकिन सीजेपी शाम 4 बजे गेट नंबर 6 पर बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित होने के लिए कह रही है। संयोजक अभिजीत दीपके, सह संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास भी मुंबई पहुंच चुके हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जो नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन का अहम चेहरा था, लेकिन मुंबई में साथ नहीं दिखेंगे। ये नैतिक रूप साथ हैं और कई लोग दिल्ली में ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले हैं। इनमें सोनम वांगचुक, मोहम्मद जुनैद, नेहा बोरा और योगेंद्र यादव शामिल हैं। ये आंदोलन का हिस्सा नहीं होंगे, फिर भी समर्थन करते रहेंगे।

दूदू: डोटासरा के स्वागत कार्यक्रम में भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता, फटकार लगाई

दूदू (जयपुर)। जयपुर के दूदू में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के संबोधन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए। इस पर डोटासरा ने कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई। कहा- ये चुनावी प्रचार नहीं, बैठ जा, तू बड़ा आदमी नहीं है। डोटासरा का गुरुवार को जन्मदिन है। इस पर प्रदेश में जगह-जगह उनके स्वागत कार्यक्रम किए जा रहे थे। जयपुर से नागौर के डेगाना जाते समय डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का दूदू में स्वागत कार्यक्रम प्रस्तावित था।

एशियन गेम्स हॉकी: भारत ने आखिरी मिनट में गोल कर पाक को हराया

नागोया (जापान)। भारत ने बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर एशियन गेम्स मेंस हॉकी के फाइनल में जगह बना ली है। अभिषेक ने मैच के आखिरी मिनट में गोल कर भारत को जीत दिलाई। गोल्ड मेडल के लिए 3 अक्टूबर को भारत का सामना मलेशिया से होगा। मलेशिया ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 2-1 से हराया है। भारत ने मेंस हॉकी में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी पांचों मुकाबले जीते हैं। भारत ने एशियन गेम्स 2023, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024, प्रो लीग 2026, वर्ल्ड कप 2026 और एशियन गेम्स 2026 सेमीफाइनल में जीत दर्ज की। -विस्तृत पेज 7

9/11 जैसा हमला रोकने के लिए फाइटर जेट्स भेजे, हमलावर से बातचीत की तैयारी भी थी, पीएम मोदी ने की सराहना

विमान हाईजैक होता तो मार गिराता इजराइल

तेल अवीव। इजराइल ने दुबई से उड़ान भरने वाले उस विमान को मार गिराने की तैयारी कर ली थी, जिसके हाईजैक का अलर्ट भेजा गया था। बुधवार को अलर्ट मिलते ही फाइटर जेट्स रवाना कर दिए गए थे। विमान में 174 यात्री सवार थे।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार को आशंका थी कि विमान का कंट्रोल वापस नहीं मिला, तो वह इजराइल में 9/11 जैसा हमला कर सकता है। खतरा टालने के लिए विमान को हवा में ही मार गिराना पड़ सकता था।

भारत में इजराइल के राजदूत रियूवेन अजार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कार्रवाई पर फैसला लेना था। हालांकि, भारतीय पायलट और यात्रियों ने हिम्मत दिखाकर हमलावर को-पायलट पर काबू पाया और विमान को सऊदी में सुरक्षित उतार लिया गया।

हाईजैकर्स से बातचीत के लिए भी तैयार था इजराइल

इजराइल ने इसके लिए भी तैयारी की थी कि हाईजैकर्स विमान में सवार यात्रियों को बंधक बनाकर अपनी मांगें रख सकते हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए इजराइल की राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी यूनिट यामाम को अलर्ट किया गया था। योजना थी कि अगर हाईजैकर्स यात्रियों को छोड़ने के बदले कोई मांग रखते हैं, तो उनसे बातचीत और बंधकों को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई के लिए यह विशेष यूनिट मोर्चा संभालेगी।

विमान दूसरे देश में गिरता तो कमांडो भेजता इजराइल

इजराइल ने ऐसी स्थिति के लिए भी तैयारी की थी, जिसमें हाईजैक हुआ विमान उसके बजाय जॉर्डन या सऊदी अरब में क्रैश हो जाता। ऐसे मौके पर विमान में फंसे यात्रियों और क्रू को बचाने के लिए इजराइली एयरफोर्स की विशेष कमांडो यूनिट शालदाग को भेजने की योजना बनाई गई थी। इसी यूनिट ने अप्रैल में ईरान में अमेरिकी F-15E स्ट्राइक ईगल विमान के क्रैश होने के बाद दो अमेरिकी एयरक्रू सदस्यों को बचाने के अभियान में हिस्सा लिया था।

अगर विमान की हाईजैकिंग का शक तो 4 नियम

1. पहले विमान को सुरक्षित उतारने की कोशिश: अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के मुताबिक अगर किसी विमान के हाईजैक होने का शक हो, तो सुरक्षा एजेंसियां पहले उससे संपर्क करने और उसे सुरक्षित उतारने की कोशिश करती हैं। जरूरत पड़ने पर लड़ाकू विमान भेजे जा सकते हैं।

2. हालात का अंदाजा लगाकर फैसला: सिर्फ हाईजैक होने के शक के कारण विमान को गिराने की अनुमति नहीं मिल जाती। हर मामले में खतरे की गंभीरता और हालात को देखना पड़ता है।

3. यात्रियों और क्रू की सुरक्षा जरूरी: ICAO के मुताबिक, उड़ान के दौरान नागरिक विमान के खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। विमान को रोकने की कार्रवाई में यात्रियों और क्रू की जान का ध्यान रखना जरूरी है।

4. हमले की स्थिति में सभी विकल्प खुले: अगर विमान को किसी इमारत या भीड़ पर हमला करने के लिए इस्तेमाल किए जाने का खतरा हो, तो स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। सुरक्षा एजेंसियां उसे रोकने के विकल्पों पर विचार करती हैं। विमान को गिराने का फैसला अपने आप सही या कानूनी नहीं हो जाता।

प्रदेशभर के दुकानदार आज नहीं लेंगे यूपीआई से पेमेंट

MDR का विरोध, बाजारों में 'नो यूपीआई डे'; नहीं होगा डिजिटल पेमेंट

थिंक राजस्थान • जयपुर

यूपीआई पेमेंट पर 15 अक्टूबर से MDR शुल्क के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (BUVM) ने 2 और 15 अक्टूबर को देशभर में 'नो UPI डे' का ऐलान किया है। इस दौरान आंदोलन में शामिल दुकानदार UPI से भुगतान स्वीकार नहीं करेंगे।

बीयूवीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि UPI पर प्रस्तावित MDR शुल्क के विरोध में बुधवार को देशभर के करीब 17 राज्यों के व्यापारिक प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई। इसमें तय किया गया कि 2 अक्टूबर को देशभर में 'नो UPI डे' मनाकर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद 10 अक्टूबर को स्थानीय स्तर पर धरना-प्रदर्शन और 15 अक्टूबर को फिर 'नो UPI डे' मनाया जाएगा। व्यापारियों पर से MDR शुल्क नहीं हटाने पर इसके बाद भी आंदोलन जारी रखने का फैसला किया गया है।

2 और 15 अक्टूबर को 'नो UPI डे' मनाएगा BUVM: BUVM के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने कहा कि BUVM अपने तय कार्यक्रम के अनुसार 2 और 15 अक्टूबर को 'नो UPI डे' मनाएगा। गुप्ता ने बताया कि UPI पर एमडीआर लागू होने से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा।

बाड़मेर में हाई वॉल्टेज ड्रामा: टंकी पर चढ़ा युवक, भीड़ देख गर्दन पर ब्लेड मारी, होमगार्ड-हेल्पर ने पीछे से पकड़ कर खींचा, हाथ-पैर पकड़ कर नीचे लाए



थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर में एक युवक टंकी पर चढ़ गया। राहगीरों ने उसे टंकी पर चढ़े देखा तो भीड़ जमा हो गई। युवक ने भीड़ देख अपने गले और हाथ पर ब्लेड से वार किया। लहूलुहान हालत में करीब 1 घंटे तक 50 फीट ऊंची टंकी पर बैठा रहा। जलदाय विभाग के हेल्पर और होमगार्ड ने उसे पीछे से आकर पकड़ा और खींचा। युवक की पहचान जसराज जांगिड़ के रूप में हुई। युवक अर्द्धनग्न हालत में टंकी पर चढ़ा था। नीचे खड़े लोगों ने उससे टंकी पर चढ़ने का कारण पूछा, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। नीचे उतराने के बाद पुलिस उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। मामला बाड़मेर शहर के गेहू रोड, रेलवे कुआं नंबर 3 स्कूल के पास का गुरुवार सुबह 8.30 बजे का है।

जानकारी के अनुसार, एक युवक गुरुवार को सुबह रेलवे कुआं नंबर 3 स्कूल के पास बनी जलदाय विभाग की टंकी पर चढ़ गया। युवक अर्द्धनग्न हालात में था। हाथ में ब्लेड और सिगरेट लेकर चढ़ा था। खुद के हाथ और गले पर ब्लेड से वार कर कट भी मार दिए। जिसके कारण उसके गले से ब्लड निकलने लगा। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस, जलदाय विभाग के हेल्पर और होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे। नीचे खड़े लोगों ने ऊपर चढ़ने के कारण पूछने लगे लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। युवक की पहचान जसराज जागिड़ के रूप में हुई है।

हेल्पर व होमगार्ड जवान ने सुझबूझ से पकड़ा

जलदाय विभाग के हेल्पर पीरदान सिंह और होमगार्ड जवान खीराराम भील ने प्लानिंग के तहत टंकी पर चढ़े। पुलिस और लोगों ने युवक बातों में लगाए रखा। वहीं हेल्पर और होमगार्ड जवान चुतराई से टंकी पर चढ़े। वहीं युवक के हाथ को पकड़ लिया। लेकिन युवक ने ब्लेड से खुद पर वार करने लगा साथ ही दोनों पर किया। लेकिन दोनों ने युवक को हाथों और पैर को पकड़कर टंकी से नीचे उतार दिया। होमगार्ड जवान खीराराम भील ने बताया- युवक सुबह 8.30 बजे टंकी पर चढ़ा था। मैं यहां से गुजर रहा था। देखा तो लोगों की भीड़ जमा थी। पूछने पर पता लगा कि युवक टंकी पर चढ़ा हुआ है। मैंने पुलिस को सूचना दी। उसके बाद जलदाय विभाग के हेल्पर पीरदान सिंह के साथ टंकी पर चढ़कर उसे पीछे से पकड़कर नीचे उतारा। जलदाय विभाग के हेल्पर पीरदान सिंह ने बताया- मेरे पास जेईएन का फोन आया था कि ऐसी बात हो गई। मैं और एक पुलिस का जवान टंकी पर ऊपर गए थे। उसके हाथ में ब्लेड थी। हम दोनों ने सावधानी से नीचे उतारा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे हॉस्पिटल लेकर गई।

ब्रीफ न्यूज

ब्यावर: घनश्याम सांखला शिवदल व्यायामशाला के उस्ताद नियुक्त

थिंक राजस्थान • ब्यावर

नेहरू गेट के बाहर स्थित क्षेत्रीय फूलमालियान पंचायत संस्था की शिवदल व्यायामशाला में घनश्याम सांखला को उस्ताद पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर देवड़ा परिवार ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। लालचंद देवड़ा के नेतृत्व में परिवार के सदस्यों ने घनश्याम सांखला को पुष्पमाला पहनाई। देवड़ा परिवार के सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विश्वास जताया गया कि उनके मार्गदर्शन में व्यायामशाला की गतिविधियां और बेहतर होंगी। इस अवसर पर कन्हैया देवड़ा, जितेंद्र देवड़ा, मान प्रकाश देवड़ा, डिंगू देवड़ा, एडवोकेट रोहित देवड़ा, चेतन प्रकाश, हर्ष देवड़ा, सत्तू देवड़ा, मनीष देवड़ा, मानव देवड़ा, पवन देवड़ा और सुनील सोलंकी सहित देवड़ा परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

बीकानेर में एंबुलेंस से तस्करी, दो गिरफ्तार: 31 किलो डोडा पोस्त जब्त

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर में प्राइवेट एंबुलेंस में 31 किलो डोडा पोस्त छिपाकर ले जा रहे दो आरोपियों को दंतौर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इर्टिगा एंबुलेंस को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि एंबुलेंस का इस्तेमाल नशे की तस्करी के लिए कब से किया जा रहा था, डोडा पोस्त कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस के अनुसार, खाजूवाला के चक 2 एसएसएम सियासर चौगान निवासी अंकुश बिश्नोई और चक 2 केएलडी उदानगर निवासी सुधीर नायक को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब 31 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने नशे की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही इर्टिगा एंबुलेंस को भी जब्त कर लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सुधीर नायक खाजूवाला में निजी एंबुलेंस संचालित करता था। पुलिस अब जांच कर रही है कि एंबुलेंस का इस्तेमाल नशे की तस्करी में कब से किया जा रहा था और इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। निजी एंबुलेंस की आड़ में तस्करी किए जाने की आशंका के चलते पुलिस मामले से जुड़ी अन्य संभावित कड़ियों की भी जांच कर रही है। खाजूवाला सीओ विजयपाल यादव के नेतृत्व में दंतौर थानाधिकारी सुरेंद्र बारूपाल और पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

सरस्वती संस्कार केन्द्र में केन्द्र दर्शन एवं जन्मदिवस कार्यक्रम

थिंक राजस्थान • चूरू

केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता एवं विकास हेतु संचालित अनुभवात्मक संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विद्वजनों द्वारा सरस्वती संस्कार केन्द्र, गाजसर, चूरू का केन्द्र दर्शन किया गया। साथ ही जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में जतिन कलवानी, डॉ. अरविंद कुमार सोमदत्त, डॉ. जेड. जयप्रगास्सराजन, सुरेश कुमार शर्मा, चूरू संकुल प्रमुख एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य किशनलाल सैनी, विद्यालय प्रभारी सुशील जांगिड़, आचार्य अमित कुमार शर्मा एवं महीपाल शर्मा का आगमन हुआ। अतिथियों का तिलकार्चन एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के साथ हुआ। तत्पश्चात बालकों द्वारा विद्या भारती राजस्थान द्वारा निर्धारित वंदना पाठ्यक्रम का वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुतिकरण किया गया। इसके बाद संस्कार केन्द्र गीत एवं स्वर साधना की प्रस्तुति दी गई। संकुल प्रमुख द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय करवाते हुए संस्कार केन्द्र में नियमित रूप से आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर भैया लक्षित जांगिड़, पुत्र सुशील जांगिड़, का जन्मदिवस भी मनाया गया। बालकों ने संस्कृत गीत प्रस्तुत कर एवं पुष्पवर्षा कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सेवाभावी प्रभारी सुशील जांगिड़ द्वारा सभी बालकों को अल्पाहार उपहार स्वरूप वितरित किया गया।

प्रोबेशन खारिज करने पर अदालत को बताने होंगे ठोस कारण: हाईकोर्ट

राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा- यह अपराधी को सुधारने का मौका

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रोबेशन (परिवीक्षा) पर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बाद जेल भेजना स्वाभाविक नतीजा नहीं। अदालत को अपराध की प्रकृति, आरोपी की परिस्थितियों, चरित्र और सुधार की संभावना पर ध्यान देना चाहिए। प्रोबेशन की मांग बिना खास वजह के खारिज करना ठीक नहीं।

जस्टिस फरजंद अली की एकल पीठ ने 'रामस्वरूप बनाम राजस्थान राज्य' मामले में यह टिप्पणी की। अपीलार्थी की ओर से प्रियंका बोराणा और राज्य की ओर से नरेंद्र गहलोत ने वकालत की। ट्रायल कोर्ट ने अपीलार्थी को आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत दोषी ठहराया था।

दोषी ठहराए जाने का फैसला बरकरार रखा

हाईकोर्ट ने दोषी ठहराए जाने का फैसला बरकरार रखा। कोर्ट ने पाया कि ट्रायल कोर्ट ने प्रोबेशन खारिज करते समय कोई खास वजह नहीं बताई। यह अपीलार्थी की पहली दोषसिद्धि थी, कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। कोर्ट ने कहा कि प्रोबेशन के प्रावधान न्याय व्यवस्था में सुधार दिखाते हैं। अपराधी को सुधार का मौका देना भी न्याय के मकसद को पूरा कर सकता है। धारा 360 और 361 सीआरपीसी के तहत प्रोबेशन नहीं देने पर खास वजह बताना जरूरी है।

तुरंत रिहा किया जाए

अपीलार्थी अपनी पूरी सजा और जुर्माना भुगत चुका था। कोर्ट ने अपील आंशिक रूप से मंजूर करते हुए निर्देश दिया कि अगर वह किसी और मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

कचरा बीनते समय करंट, महिला की मौत

पाली। पाली में गुरुवार को कचरा बीनते समय लाइट का तार छूने से 39 साल की महिला को करंट लग गया। जोरदार झटके के बाद उसे इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सदर थाने के SHO कपूराराम ने बताया कि पाली शहर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र की नया गांव सांसी बस्ती निवासी पपूड़ी पत्नी सुरेश कुमार (39) गुरुवार को हाईवे पर छोटा रूणेचा के पास लाइट का तार छूने से उसे जोरदार करंट लगा। हादसे के बाद उसे इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

जिला न्यायाधीशों-न्यायिक अधिकारियों के हुए तबादले

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने राज्य की न्यायिक व्यवस्था में बदलाव किया है। इसके तहत जिला न्यायाधीश कैडर के वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई जगह तैनाती के आदेश जारी हुए हैं। रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा ने ये आदेश जारी किए हैं। इसमें कई जिलों के जिला एवं सत्र न्यायालयों, विशेष न्यायालयों और अकादमी में तैनात अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं।

इन तबादलों में अशोक चौधरी को बीकानेर फैमिली कोर्ट संख्या-3 से बूंदी का जिला और सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। शिवचरण मीणा बारां फैमिली कोर्ट से विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट मामले संख्या-1) बारां भेजे गए हैं। उपेंद्र शर्मा एनडीपीएस कोर्ट भीलवाड़ा से डीग के नए जिला और सत्र न्यायाधीश बने हैं। हीना परिहार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बारां की सचिव से राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी जोधपुर में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) के पद पर तैनात की गई हैं।

टैंकर में घुसा तेज रफ्तार ट्रेलर, एक की मौत: दूसरा घायल

ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर पोसालिया में हादसा: टाइल्स टूटीं और सड़क पर बहा दूध

थिंक राजस्थान • सिरोही

पालड़ी एम थाना क्षेत्र में ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर पोसालिया पुलिया के पास गुरूवार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने आगे चल रहे दूध के टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेलर में सवार सुदेश सिंह (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रेलर ड्राइवर शैलेंद्र सिंह (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें भरी टाइल्स टूट गईं। वहीं, टैंकर में भरा दूध सड़क पर बह गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर शिवगंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान ड्राइवर का अचानक नियंत्रण हट गया और ट्रेलर आगे चल रहे टैंकर से जा भिड़ा। टक्कर के बाद ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि केबिन में बैठा एक व्यक्ति मौके पर ही दम तोड़ गया। पालड़ी एम पुलिस के सहायक उप निरीक्षक देवाराम ने बताया कि हादसे में इच्छापुर धौलपुर निवासी सुदेश सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह की मौत हुई है। वहीं, हुमायूंपुर, फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र सतवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल शैलेंद्र सिंह को उपचार के लिए सिरोही ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। टक्कर के बाद दूध का टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें भरा दूध सड़क पर फैल गया। दोनों वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से फोरलेन पर यातायात भी प्रभावित हुआ और जाम की स्थिति बन गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पालड़ी एम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। बाद में टोल प्लाजा कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात फिर से सुचारू हो सका। मृतक के शव को पोसालिया के सरकारी अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया गया है।

ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म करने वाले सेक्स रैकेट का किया पर्दाफाश, दो आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर युवतियों को ब्लैकमेल करने, अश्लील वीडियो बनाकर वसूली करने तथा दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों में शामिल एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को मुंबई (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक बड़े सेक्स रैकेट सिंडिकेट का खुलासा भी किया है। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह एवं जिला पुलिस अधीक्षक पंकज यादव के निर्देशन में महिला एवं बाल अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी फैजान अहमद पुत्र अजिमुल्ला अहमद निवासी शिवाजी नगर, मानखुर्द (मुंबई) तथा उसके सहयोगी आमिर हुसैन पुत्र अहमद अंसारी निवासी बरहेट, साहेबगंज (झारखंड), हाल मुंबई को गिरफ्तार किया है।

ऐसे फंसाते थे युवतियों को

पुलिस के अनुसार 31 अगस्त 2026 को एक पीड़िता ने महिला थाना, जोधपुर ग्रामीण में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़िता ने बताया कि उसने स्नैपचैट पर वर्क फ्रॉम होम से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क कर ऑनलाइन कार्य दिलाने के नाम पर उसकी आईडी और हस्ताक्षर प्राप्त कर लिए। इसके बाद सोशल मीडिया पर रील लाइक और शेयर करने के कार्य के बहाने उससे संपर्क बनाए रखा गया तथा विभिन्न टास्क पूरे करने के नाम पर उसकी फोटो और वीडियो हासिल कर लिए गए। बाद में इन्हीं फोटो-वीडियो का दुरुपयोग कर पीड़िता को ब्लैकमेल किया जाने लगा और न्यूड वीडियो कॉल करवाने के लिए दबाव बनाया गया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपियों ने उससे पैसे भी वसूले।

पुलिस जांच में सामने आया कि 11 दिसंबर 2025 को आरोपी जोधपुर आया था और होटल में पीड़िता से मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी ब्लैकमेलिंग और पैसों की मांग जारी रही।

200 से अधिक युवतियां गिरोह के निशाने पर: जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन से करीब 30 युवतियों के न्यूड वीडियो और चैटिंग बरामद हुई। इसके अलावा 200 से अधिक युवतियों के वर्क फ्रॉम होम प्रोफाइल, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी तथा अन्य विवरण भी मिले हैं। पुलिस का मानना है कि गिरोह राजस्थान सहित देश के कई राज्यों की युवतियों को निशाना बना रहा था।साइबर तकनीक से मुंबई तक पहुंची पुलिस महिला थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के आधार पर आरोपियों की लोकेशन मुंबई में चिन्हित की। पुलिस टीम ने स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाकर कई दिनों तक निगरानी की और पहचान सुनिश्चित होने के बाद योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी फैजान अहमद पुत्र अजिमुल्ला अहमद, निवासी शिवाजी नगर, मानखुर्द, मुंबई (महाराष्ट्र)आमिर हुसैन पुत्र अहमद अंसारी, निवासी बरहेट, साहेबगंज (झारखंड), हाल मुंबई (महाराष्ट्र) विशेष टीम की भूमिका कार्रवाई में साइबर सेल और महिला थाना की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तकनीकी विश्लेषण, निगरानी और साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। जिला पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने आमजन से अपील की है कि ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम, जॉब ऑफर या आसान कमाई के नाम पर आने वाले संदिग्ध विज्ञापनों से सावधान रहें। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी आईडी, निजी फोटो-वीडियो, ओटीपी या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

बज्जू में 100 साल की मतदाता सूरजा देवी का सम्मान

एसडीएम ने माला पहनाई, शाल ओढ़ाई

थिंक राजस्थान • बज्जू

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बज्जू में 100 साल की मतदाता सूरजा देवी का सम्मान किया गया। बज्जू के एसडीएम और सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी सांवरमल रैगर उनके घर पहुंचे। उन्होंने सूरजा देवी पत्नी सिमरथाराम मेघवाल को माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

एसडीएम रैगर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 100 साल पूरे कर चुके मतदाताओं को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में सूरजा देवी का सम्मान हुआ। रैगर ने बताया

कि बज्जू उपखंड में करीब 25 से 26 ऐसे मतदाता हैं, जिनकी उम्र 100 साल या उससे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन के अनुभव और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी लंबी भूमिका को दर्शाता है। इस दौरान बीएलओ नैनुराम कुमावत, चुनाव शाखा से मनमोहन सोलंकी और कमलेश शर्मा के साथ सूरजा देवी के परिवार वाले भी मौजूद रहे।

अभिनव पब्लिक स्कूलः 180 टीमों के करीब 980 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा, सांसद पी.पी. चौधरी ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

बिलाड़ा में 70वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ



थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

अभिनव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिलाड़ा में 70वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बैडमिंटन प्रतियोगिता (17 एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग) का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 180 टीमों के करीब 980 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन पाली लोकसभा सांसद पी.पी. चौधरी ने किया। कार्यक्रम में बिलाड़ा दरियाव देवी, जोधपुर डिस्कॉम के संभागीय मुख्य अभियंता इंजीनियर प्रेम चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा शर्मा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोलंकी बिलाड़ा थाना अधिकारी सवाई सिंह सोढा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।संस्था अध्यक्ष देवी सिंह राठौड़ ने सभी जिलों से पहुंचे दल प्रभारियों कोचेज एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद पी.पी. चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया तथा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न मुकाबलों में हिस्सा ले रहे हैं। विद्यालय परिसर में खिलाड़ियों एवं टीमों के आगमन से खेलमय वातावरण बना हुआ है।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हापूराम चौधरी, Acbco चेतन सियाग बिलाड़ा शारीरिक शिक्षक संघ अध्यक्ष भिंजराम देवासी, धन्नाराम लालावत, हनुमानराम झंझावात, प्रेम सिंह कोतवाल, सही राम विश्नोई पर्यवेक्षक भूपेश कोठारी, सीमा सोनी कोऑर्डिनेटेड बीकानेर देवेंद्र चौधरी कोच सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य मनीष मुलेवा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं दलों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में विभिन्न समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

ब्रीफ न्यूज

विज्ञान प्रदर्शनी में नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

बिलाड़ा । विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आरडीपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक और उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सतत विकास जैसे विषयों पर तैयार किए गए मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में आगंतुकों को विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्या ज्योति रतन सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा नए विचारों और नवाचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी को लेकर अभिभावकों एवं आगंतुकों में भी उत्साह नजर आया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की। आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समस्या समाधान की क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की गई।

टेबल टेनिसः छात्रा वर्ग 14 वर्ष में तृतीय, दीपिका व राजूराम का राज्य स्तर पर चयन

थिंक राजस्थान • अगवरी

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अगवरी (जालोर) के छात्र-छात्राओं ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया है। विद्यालय की ओर से छात्र वर्ग 19 वर्ष एवं छात्रा वर्ग 14 वर्ष की टेबल टेनिस टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रा वर्ग 14 वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी हासिल की। वहीं विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा दीपिका पुत्री शंकराराम तथा कक्षा 9 के छात्र राजूराम मीणा का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए करौली रवाना हुए हैं। विशेष उपलब्धि यह है कि राजूराम मीणा का लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर चयन हुआ है। विद्यालय के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं समस्त अगवरी ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की सफलता को विद्यालय एवं गांव के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सभी ने दीपिका एवं राजूराम मीणा को बधाई दी तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल खन्ना, व्याख्याता हरि सिंह बालोत, व्याख्याता गिरधारी लाल वैष्णव, वरिष्ठ अध्यापक पवन कुमार, भूप सिंह मीणा, गोपाल सिंह बालोत, भंवर लाल गुर्जर एवं अशोक जीनगर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैंः मेघवाल

ओलवी गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण

थिंक राजस्थान • जोधपुर

ओलवी गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण अंबेडकर मूर्ति अनावरण समिति के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच अशोक कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक किया गया। 'दलित टाइगर' नाम से विख्यात घनश्याम मेघवाल ने अपनी 263वीं मूर्ति का अनावरण किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभी जाति के ग्रामीणों की उपस्थिति रही और माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस दौरान जय भीम के नारों के साथ गांव के साथ डीजे पर नाचते युवकों ने गांव मे रैली निकालकर महौल भीममय बना दिया। प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम मेघवाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक एकता को मजबूत करना चाहिए। सरपंच अशोक कुमार विश्नोई ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह हमेशा याद रखा जाएगा। उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। समाजसेवी सुखराम देवासी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया, जिसे हमें समझते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। नथमल खीची ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक जाति के नहीं, पूरे देश के आदर्श हैं। उनका संघर्ष और ज्ञान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मंच संचालन अशोक कडेला ने किया।

इस दौरान सुखराम देवासी, भंवरलाल डारा, संतोकराम सोलंकी, दाऊलाल भील, देवाराम माली, संतोषकसिंह सोलंकी, पन्नेसिंह, गणपतराम पंवार, मनोहर सोलंकी, देवजी पंवार, महेन्द्र खीची गणपत पंवार तथा युवा कार्यकर्ता करण हरियाल, सहीराम भील, महेंद्र पंवार, दिनेश रामूराम भाटी, एकलव्य भील मदनलाल भील, करण हरियाल अर्जुनराम पंवार सुरजाराम मेघवाल, गुदडराम हरिजन, नारायणराम पंवार, नरपतराम पंवार, सुमेर सरगरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

डेढ़ माह बाद भी फाउ देवी राजपुरोहित हत्याकांड में गिरफ्तारी नहीं, पुलिस जांच पर उठ रहे सवाल

बीलड़ की जघन्य वारदात के आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर

थिंक राजस्थान • जसवंतपुरा

जसवंतपुरा थाना क्षेत्र के बीलड़ गांव में फाउ देवी राजपुरोहित की निर्मम हत्या को करीब डेढ़ माह बीत चुका है, लेकिन घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। गंभीर वारदात के इतने समय बाद भी आरोपियों तक पुलिस के नहीं पहुंच पाने से ग्रामीणों में नाराजगी और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। साक्ष्य जुटाने सहित विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच किए जाने की बात सामने आई थी। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि पुलिस जल्द ही वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी, लेकिन डेढ़ माह बीतने के बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने से अब पुलिस जांच की प्रगति को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

परिवार को न्याय का इंतजारः फाउ देवी की हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि एक बुजुर्ग महिला की इस तरह हत्या होना बेहद गंभीर मामला है। पीड़ित परिवार लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी से परिवार और ग्रामीणों की बेचैनी लगातार बढ़ रही है। पुलिस मामले की जांच को और तेज करे तथा उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल, तकनीकी साक्ष्य और घटनास्थल से जुटाए गए सबूतों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करे। साथ ही जांच की प्रगति के संबंध में पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को भी स्पष्ट जानकारी दी जाए। डेढ़ माह का समय बीत जाना अपने आप में गंभीर चिंता का विषय है। अब ग्रामीणों की नजर पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी है। लोगों की मांग है कि मामले को प्राथमिकता से लेते हुए आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए और न्यायालय में मजबूत साक्ष्यों के साथ मामला प्रस्तुत किया जाए।

आखिर कब होगी गिरफ्तारी?

फाउ देवी हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी कब होगी और वारदात के पीछे वास्तविक कारण क्या था, इसका जवाब अब पुलिस जांच के सामने आना बाकी है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले को लंबा खिंचने के बजाय पुलिस को जांच में तेजी लाकर जल्द से जल्द वारदात का पर्दाफाश करना चाहिए।

महामंदिर शिवबाड़ी में श्री महालक्ष्मी माताजी का प्राकट्योत्सव कल

श्री महालक्ष्मी जी की निकलेगी शोभायात्रा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

महामंदिर स्थित शिवबाड़ी में दिनांक 3 अक्टूबर को अश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी को माँ महालक्ष्मी का प्राकट्योत्सव का आयोजन अध्यक्ष दुष्यंत जोशी, सचिव मधुसुदन, युवाध्यक्ष अंकित अवस्थी एवं कार्यकारिणी के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। ओम प्रकाश दवे ने बताया कि माँ महालक्ष्मी प्राकट्योत्सव के आयोजन के अन्तर्गत सुबह 10 बजे माँ महालक्ष्मी का अभिषेक एवं पूजन, शाम 5 बजे माँ महालक्ष्मी की शोभायात्रा- (नवयुवक मंडल द्वारा), शाम 7.30 बजे माँ महालक्ष्मी की भव्य महाआरती।

रात्रि 8 बजे माँ महालक्ष्मी का अमृतमयी प्रसाद वितरण किया जाएगा वहीं माँ महालक्ष्मी माताजी की भजन संध्या महिला मण्डल द्वारा की जाएगी। महामंदिर समाज नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में शाम 5 बजे महामंदिर से माँ महालक्ष्मी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

महापौर मेहता व पार्षदों का स्वागत समारोह

आरती के पश्चात नव निर्वाचित जोधपुर महानगर के महापौर प्रसन्न चंद मेहता के साथ नव निर्वाचित पार्षद का स्वागत समारोह का आयोजन होगा। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग पारंपरिक वेशभूषा में एवं महिला वर्ग चुनड़ी की साड़ी पहनें।

श्यामलाल कुमावत के 48वें जन्मदिन पर जूना बाबा लायंस क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

जन्मदिन पर मानव सेवा की मिसाल, 126 यूनिट रक्तदान

थिंक राजस्थान • जैतारण

जन्मदिन को यादगार बनाने के साथ मानव सेवा का संदेश देते हुए जूना बाबा लायंस क्लब जैतारण के तत्वावधान में कुमावत समाज 44 खेड़ा जैतारण पट्टी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्यामलाल कुमावत के 48वें जन्मदिन के अवसर पर एसएमएस आई हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 126 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में संग्रहित रक्त में से 70 यूनिट अमृतकौर हॉस्पिटल ब्यावर तथा 56 यूनिट तुलसी ब्लड बैंक पाली को प्रदान किया गया। रक्तदान करने पहुंचे लोगों ने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य की सराहना की।

कैबिनेट मंत्री ने किया उद्घाटनः रक्तदान शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी मनोज कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष भैंनाराम गहलोत, निवर्तमान प्रधान मेघाराम, उपप्रधान पपूराम, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चौधरी, पार्षद भागीरथ सोनी, बाबूलाल भाटी, सुखलाल सरगरा, बगदाराम, प्रदीप सोनी, कमलेश सिसोदिया, श्यामलाल भाटी, प्रेमचंद जोशी, विशाल तंवर, राजूराम बंजारा, नवरत्न टांक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

दिनभर मिली शुभकामनाएं

श्यामलाल कुमावत के जन्मदिन पर कुमावत समाज के वरिष्ठ पंच दगलाराम पीपावत, घेवरचंद, गंगाराम माननीय, राजूराम माननीय सहित समाजबंधुओं एवं क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दिनभर बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा। जूना बाबा लायंस क्लब समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रजापति, गोपाल भीदादा, सोनू उपाध्याय एवं जितेंद्र पटेल सहित क्लब के सदस्यों ने शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में अपना योगदान दिया। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर क्षेत्र में मानव सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल बना।मुख्य आकर्षणः "जन्मदिन मनाने का अनूठा अंदाज—खुशियां बांटी और 126 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।"

वसुंधरा हॉस्पिटल एवं श्री महालक्ष्मी शिक्षण संस्थानः प्रिवेंटिव हेल्थ अवेयरनेस सेशन

थिंक राजस्थान • जोधपुर। वसुंधरा हॉस्पिटल एवं प्रताप नगर स्थित महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल के परिसर में वसुंधरा हॉस्पिटल की तरफ से प्रिवेंटिव हेल्थ अवेयरनेस सैशन रखा गया जिसमें वसुंधरा हॉस्पिटल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर श्रीमती ज्योति मेघवाल एवं कान नाक गला विशेषज्ञ डॉक्टर सना परवीन ने 60 से अधिक उपस्थिति शिक्षकों को उनसे संबंधित बीमारियों की जटिलता ओर रोकथाम कैसे हो उनसे विचार विमर्श किया गया। वसुंधरा हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर मनीष लाम्बा एवं महालक्ष्मी शिक्षक संस्थान की तरफ से अध्यक्ष अनिल द्यूत, मानद सचिव मनीष राठी ओर प्रिसिपल नीता तापड़िया जी के सहयोग से यह हेल्थ अवेयरनेस सैशन सफल हो पाया। वसुंधरा हॉस्पिटल ऐसे हेल्थ अवेयरनेस सैशन जन सेवा के आचरण के चलते करता रहता हे।

ब्रीफ न्यूज

गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिवस पर विद्यार्थियों को वितरित की भेलपुरी

थिंक राजस्थान • मालसर

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मालसर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भेलपुरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नारायण सोनी की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को भेलपुरी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। विद्यालय परिवार की ओर से सहयोग के लिए नारायण सोनी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा जताई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य घनश्याम जोशी सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बीकानेरः जेपीएल-8 में बेटियों ने दिखाया क्रिकेट का दम

थिंक राजस्थान • बीकानेर

जाट समाज युवा खेल कूद समिति की ओर से आयोजित स्वर्गीय रामेश्वरलाल डूडी स्मृति जाट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता जीपीएल-8 में गुरुवार को गर्ल्स वर्ग के मुकाबलों का शुभारंभ हुआ। सादुल क्लब क्रिकेट मैदान में बेटियों ने उत्साह और शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चल रही प्रतियोगिता में बॉयज़ वर्ग की 15 और गर्ल्स वर्ग की 4 टीमें भाग ले रही हैं। बॉयज़ वर्ग की तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, जबकि चौथे सेमीफाइनलिस्ट के लिए क्वार्टर फाइनल मुकाबला जारी है। 2 अक्टूबर को सेमीफाइनल मुकाबले होंगे तथा 3 अक्टूबर को सुबह गर्ल्स और दोपहर में बॉयज़ वर्ग का फाइनल खेला जाएगा। गर्ल्स वर्ग के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रेनूबाला चौधरी, SHO बीकानेर पुलिस एवं श्रीमती पूनम देवी गोदारा, सरपंच कालासर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने बेटियों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, प्रतिभाओं को मंच देना तथा समाज में खेल भावना और भाईचारे को बढ़ावा देना है। इस दौरान समिति पदाधिकारियों सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति प्रस्ताव की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे आवेदन

थिंक राजस्थान • बीकानेर

विभिन्न पूर्व एवं उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत सत्र 2026-27 में पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन छात्रवृत्ति प्रस्ताव अग्रेषित करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यालय स्तर से प्रस्ताव 31 अक्टूबर 2026 तक शालादर्पण बेनेफिशियरी स्कीम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अग्रेषित किए जा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, पूर्व में विद्यालय स्तर से छात्रवृत्ति प्रस्ताव भेजने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 30 सितंबर 2026 की गई थी। इसके बावजूद गत सत्र की तुलना में इस वर्ष प्राप्त प्रस्तावों की संख्या काफी कम रही है। विभाग ने इसे छात्रवृत्ति योजनाओं के पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों को योजनाओं की जानकारी देने में कमी का संकेत माना है। अधिकारियों को विद्यालय स्तर पर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार और पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सेवा, समरसता एवं गोरक्षा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प

अशोक सिंहल जन्मशताब्दी वर्ष के तहत विश्व हिंदू परिषद करेगा वर्षभर विशेष कार्यक्रम

थिंक राजस्थान • जोधपुर

श्रद्धेय श्री अशोक सिंहल के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद, जोधपुर प्रान्त द्वारा वर्षभर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की घोषणा की गई। इस संबंध में विहिप पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में में पत्रकार वार्ता कर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विहिप प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी ने बताया कि 27 सितंबर से श्रद्धेय अशोक सिंहल जी का जन्मशताब्दी वर्ष प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनके प्रेरणादायी जीवन, दूरदर्शी चिंतन तथा राष्ट्र और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत प्रान्त के 25 संगठनात्मक जिला केंद्रों पर आगामी शारदीय नवरात्रि में महिला सशक्तिकरण के रूप में दुर्गावाहिनी एवं मातृशक्ति के शक्ति संचलन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही पूरे प्रान्त में 100 चयनित स्थानों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के प्रमुख विषयों में सामाजिक समरसता, गौरक्षा, सेवा, स्वदेशी आग्रह, बजरंग दल कार्यकर्ता सम्मेलन, मंदिर पुजारी आयाम के कार्य, सांस्कृतिक जनजागरण एवं संगठन कार्य का विस्तार शामिल रहेगा।

10 लाख से अधिक हितचिंतक बनाने का लक्ष्य

प्रान्त अध्यक्ष डॉ. राम गोयल ने बताया कि जन्मशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का उद्देश्य श्रद्धेय अशोक सिंहल जी के जीवन-संदेश को व्यापक समाज तक पहुँचाना, भारतीय संस्कृति के प्रति गौरवबोध जागृत करना तथा सेवा, संगठन, संस्कार एवं सामाजिक समरसता के कार्यों को नई ऊर्जा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक पूरे प्रान्त में हितचिंतक अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 10 लाख से अधिक हितचिंतक बनाकर उन्हें विश्व हिन्दू परिषद से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नवरात्रि में गरबा आयोजनों को लेकर विहिप का आग्रह

डॉ. गोयल ने कहा कि नवरात्रि में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में विहिप का आग्रह रहेगा कि गरबा पांडाल में नृत्य करने वाले, संगीत बजाने वाले तथा गायक हिन्दू समाज के लोग ही हों। इन स्थानों पर बजरंग दल के कार्यकर्ता आगंतुकों का तिलक लगाकर पांडाल में प्रवेश करवाएंगे। उन्होंने कहा कि नवरात्रि, दीपावली जैसे सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों पर हमारा आर्थिक एवं सांस्कृतिक व्यवहार उन लोगों के साथ होना चाहिए, जो स्वयं इन पर्वों को आनंद एवं धार्मिक भाव से मनाते हैं। डॉ. गोयल ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की स्पष्ट मान्यता है "अपना त्योहार – अपनों से व्यवहार" और इसी भाव के साथ संगठन द्वारा समाज से भी आग्रह किया जाएगा। विहिप प्रांत उपाध्यक्ष मानाराम विश्नोई ने बताया कि जन्मशताब्दी वर्ष के माध्यम से विश्व हिन्दू परिषद श्रद्धेय अशोक सिंहल जी के सेवा, समरसता, स्वदेशी, हिन्दू सशक्तिकरण एवं गौरक्षा जैसे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेकर पूरे वर्ष समाज के बीच विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेगा। इस दौरान विहिप के महेंद्र उपाध्याय अमित पाराशर विक्रम परिहार प्रेक्षा रामावत अरुण सिंघवी उपस्थित थे।

चूरू पुलिस की पहलः दिवंगत महिला कांस्टेबल के परिवार को 5 लाख रुपए आर्थिक सहायता

एसपी निश्चय प्रसाद ने बेटे को सौंपा सहायता राशि का चेक

थिंक राजस्थान • चूरू

सेवाकाल के दौरान पुलिसकर्मियों के निधन पर उनके परिवारों को आर्थिक संबल देने की पहल के तहत चूरू पुलिस ने दिवंगत महिला कांस्टेबल राजबाला के परिवार को 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। पुलिस लाइन चूरू में तैनात कांस्टेबल राजबाला (810) का 30 सितंबर 2026 को निधन हो गया था।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. ने उनके परिवार को सहायता राशि का चेक सौंपा। चूरू पुलिस की ओर से वर्ष 2016 से संचालित इस सहायता व्यवस्था के तहत अब तक एक आरपीएस अधिकारी, तीन पुलिस निरीक्षक, तीन उप निरीक्षक, तीन सहायक उप निरीक्षक, 17 हेड कांस्टेबल, 37 कांस्टेबल, एक वरिष्ठ लिपिक और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

इस सहायता कोष में आईपीएस से एएसआई स्तर तक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन से 300 रुपए तथा हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और मंत्रालयिक कर्मचारियों के वेतन से 200 रुपए की राशि काटकर जमा की जाती है। इसी कोष से दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। चूरू पुलिस की यह पहल विभागीय एकजुटता और मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण है। संकट की घड़ी में दिवंगत साथी के परिवार को आर्थिक संबल देकर पुलिसकर्मी अपने सहयोग और आपसी आत्मीयता की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

ढांढर के हीरामन कस्वां बने तहसीलदार

थिंक राजस्थान • चूरू

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव ढाढर के हीरामन कस्वां आरएएस 2024 में चयनित होकर तहसीलदार बने हैं। इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है। हीरामन कस्वां वर्तमान में ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर में लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने

बेंगलुरु से स्नातक (रिसर्च) तथा जापान के एक विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर (रिसर्च) की शिक्षा भारत सरकार की छात्रवृत्ति के अंतर्गत प्राप्त की है। हीरामन के पिता यादराम कस्वां सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार एवं शिक्षक हैं तथा माता चन्द्रकला गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई हेमंत कस्वां राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

फेसबुक लाइव में वाल्मीकि समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

सोशल मीडिया पर प्रसारित फेसबुक लाइव वीडियो में वाल्मीकि समाज के लिए कथित आपत्तिजनक एवं जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल को लेकर समाज के लोगों ने पुलिस थाने में शिकायत दी। शिकायत में रूपलीसर निवासी उम्मेद सिंह तंवर पर 29 सितंबर को शादी से संबंधित बातचीत के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को वीडियो क्लिप और लिंक सौंपकर जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। इस दौरान सुभाष, तिलोक, आकाश, विकी, अमिताभ, पार्षद सहित समाज के अन्य लोग भी मौजूद रहे। पुलिस वीडियो की जांच कर तथ्यों और कानूनी प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

झुंझुनूंः सीकेआरडी में नशामुक्ति और चिकित्सा शिविर आज

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

झुंझुनूं। लायंस क्लब झुंझुनूं की ओर से शुक्रवार को को इंदिरा नगर स्थित सीकेआरडी मेमोरियल अस्पताल में निःशुल्क नशामुक्ति एवं मनो-सेक्स रोग चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। शिविर का आयोजन चौ. कानाराम ढाका मेमोरियल संस्थान और सीकेआरडी नशामुक्ति केन्द्र के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में अफीम, पोस्त, डोडा, शराब, गांजा, भांग सहित अन्य नशीले पदार्थों के सेवन की आदत से परेशान लोगों की जांच की जाएगी।

रावणा राजपूत समाज के नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित

समाज की एकजुटता एवं सामाजिक विकास पर किया मंथन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

रावणा राजपूत समाज की ओर से समाज के नवनिर्वाचित एवं जनप्रतिनिधि पार्षदों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन मनोज कुमार परिहार के तत्वावधान में किया गया। समारोह में समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने नवनिर्वाचित पार्षदों का माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में श्री गणपत सिंह, विक्रम सिंह पंवार, राजेश सिंह कच्छवाहा, नगेंद्र सिंह शेखावत, गीता निर्वाण, जितेंद्र पाल सिंह राठौड़ एवं अशोक सिंह चौहान सहित पार्षदों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज की एकजुटता, सामाजिक विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं तथा उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करें। साथ ही समाज की एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आशा कंवर ने किया।

समारोह में राजेंद्र सिंह रखी, कमल किशोर परमार, शिवदान सिंह भाटी, देवी सिंह सिसोदिया, मनोज कुमार परिहार, देवी सिंह भाटी, वंदना सांखला, लाभ सिंह चौहान, पुरुषोत्तम सिंह पंवार, गजे सिंह भाटी, अजय सिंह चौहान, राम सिंह सिसोदिया, विक्रम सिंह, विजेंद्र सिंह सोलंकी, बने सिंह पंवार, अशोक सिंह मेड़तिया सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। समारोह के अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक एकता एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

एमबीएम विवि: प्रो. वीरेंद्र सिंह जेठावत ने संभाला कार्यवाहक कुलगुरु का पदभार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

निवर्तमान कुलपति प्रो. शर्मा का 5 साल का कार्यकाल रहा स्वर्णिम; नए कार्यवाहक कुलगुरु प्रो. जेठावत ने पेश किया विकास का रोडमैप विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी आर्किटेक्ट कमलेश कुम्हार ने बताया कि ऐतिहासिक एमबीएम विश्वविद्यालय में एक गरिमामयी समारोह के दौरान प्रो. विरेंद्र सिंह जेठावत ने नए कार्यवाहक कुलगुरु के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान कुलगुरु प्रो. अजय कुमार शर्मा ने उन्हें विश्वविद्यालय की कमान सौंपी और नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रो. शर्मा का 5 वर्षीय स्वर्णिम कार्यकाल: समारोह के दौरान निवर्तमान कुलगुरु प्रो. अजय कुमार शर्मा के 5 वर्षों के सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उनके कार्यकाल की मुख्य उपलब्धियां:

- **अकादमिक एवं ढांचागत विकास:** उनके 5 वर्षों में परिसर में अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, नए शैक्षणिक भवनों, हॉस्टलों के जीर्णोद्धार और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक विस्तार हुआ।
- **अनुसंधान और प्लेसमेंट:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को बढ़ावा दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के नेशनल व इंटरनेशनल प्लेसमेंट रिकॉर्ड में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। विश्वविद्यालय परिवार ने उनके समर्पण, सौम्य व्यवहार और संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नए कुलगुरु प्रो. जेठावत की कार्ययोजना

पदभार संभालने के बाद नए कुलतुरु प्रो. विरेंद्र सिंह जेठावत ने विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष तकनीकी और अनुसंधान संस्थानों की श्रेणी में शामिल करने का संकल्प जताया।

- **उद्योग-अकादमिक संबंध (Industry-Academia Collaboration):** देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों व तकनीकी संस्थानों के साथ एमओयू (MoU) कर विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण, लाइव प्रोजेक्ट्स और शत-प्रतिशत रोजगारपरक अवसर तैयार करना।
- **अनुसंधान, पेटेंट एवं स्टार्ट-अप:** विश्वविद्यालय में 'रिसर्च एंड इनोवेशन हब' को मजबूत करना, संकाय और छात्रों को पेटेंट फाइल करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से नए स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देना।
- **स्मार्ट व डिजिटल कैंपस:** संपूर्ण परिसर को हाई-स्पीड वाई-फाई, स्मार्ट क्लासरूम, ई-लाइब्रेरी और आधुनिक प्रयोगशालाओं से लैस कर डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम तैयार करना।
- **छात्र-केंद्रित सुशासन:** पारदर्शी परीक्षा व मूल्यांकन प्रणाली, कौशल विकास (Skill Development) कार्यक्रम, करियर काउंसलिंग और विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए समर्पित तंत्र विकसित करना।
- **ग्रीन एवं सस्टेनेबल कैंपस:** विश्वविद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल ग्रीन कैंपस पहलों को प्राथमिकता देना।

अंत में प्रो. अजय कुमार शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं विश्वविद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नए कुलगुरु प्रो. विरेंद्र सिंह जेठावत का स्वागत किया।

ब्रीफ न्यूज

श्याम मित्र मंडल ने 21 कन्याओं को भोजन कराया, स्कूली विद्यार्थियों को कराई प्रसादी

थिंक राजस्थान • चाकसू

श्री श्याम मित्र मंडल जयसिंहपुरा (चाकसू) के तत्वावधान में आयोजित चार धाम बस सेवा यात्रा - अयोध्या, काशी विश्वनाथ, प्रयागराज एवं चित्रकूट के सफल एवं सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को श्री राधा-कृष्ण (गुरु महाराज) मंदिर परिसर में विशाल भोजन प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मित्र मंडल सदस्य अरुण सिंह लोधा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 21 कन्याओं को भोजन करवाकर की गई, इस दौरान कन्याओं का सम्मान भी किया गया। इसके पश्चात जयसिंहपुरा गांव एवं आसपास के क्षेत्र के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी भोजन प्रसादी करवाई गई। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के नंदू लोधा, दिलराज लोधा, विजय लोधा, अभिषेक योगी, केदार लोधा, जगदीश जी लोधा (बूंदी वाले), दीपक शर्मा, शंकर सिंह लोधा एवं अरुण सिंह लोधा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

पाली के कल्याण सिंह ने शिक्षा में की पीएचडी:अंग्रेजी शिक्षण पर किया शोध

थिंक राजस्थान • पाली

पाली के समग्र शिक्षा कार्यक्रम अधिकारी कल्याण सिंह को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की ओर से शिक्षा संकाय में पीएचडी की उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। पाली जिले के टेवाली गांव

निवासी और वर्तमान में पाली में रहने वाले कल्याण सिंह ने अंग्रेजी भाषा के उच्चारण, व्याकरण और शिक्षण पद्धति को लेकर अपना शोधकार्य पूरा किया है। कल्याण सिंह ने "राजस्थान में द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी के उच्चारण, व्याकरण एवं शिक्षण पद्धति के प्रति अभिधारकों का प्रत्यक्षण: संबंध और निहितार्थ" विषय पर शोध किया। यह शोध कॉलेज शिक्षा विभाग के अंग्रेजी भाषा विशेषज्ञ डॉ. ए.के. पालीवाल के निर्देशन में पूरा किया गया।

5 जिलों के सरकारी स्कूलों में किया अध्ययन: शोध के लिए राजस्थान के पाली, जालोर, सिरोही, राजसमंद और उदयपुर जिलों के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के ELT विशेषज्ञों को शामिल किया गया।

डेगाना में डोटासरा बोले- पंचायत चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा

थिंक राजस्थान • डेगाना

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पंचायत चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। वर्तमान भाजपा सरकार ने सारी हदें पार कर दीं। सरकार अधिकारियों के माध्यम से पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की लिस्ट तैयार करा रही है। भाजपा अपने प्रत्याशी चुने, कांग्रेस से कौन लड़ने वाला है, यह जानकर वह क्या करना चाहते हैं। डोटासरा गुरुवार को डेगाना (नागौर) में आयोजित कांग्रेस के पंचायत राज कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का आज जन्मदिन था। भाजपा का एक ही मकसद है कि कांग्रेस के प्रत्याशियों की जानकारी मिल जाए तो उनके घर में कौन सरकारी कर्मचारी है, उसके माध्यम से परिवार पर दबाव बनाया जा सके, मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा सके, कोई बड़ा आदमी होगा तो इनकम टैक्स, ईडी भेजी जा सके, पुलिस प्रशासन से निगरानी करवाई जा सके, इसलिए इन्हें कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट चाहिए। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, उस पर सरकार का ध्यान नहीं है, निकाय चुनाव में 52 एफआईआर दो दिन में किडनैपिंग की दर्ज कर पुलिस का सहारा लेते हुए प्रदेशभर में निकायों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों पर भाजपा ने गुंडागर्दी की। राजस्थान के इतिहास में कभी किसी चुनाव में पुलिस की इतनी गुंडागर्दी नहीं हुई, जो निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने की है। प्रदेश में वसुंधरा राजे भी मुख्यमंत्री रहीं, अशोक गहलोत भी मुख्यमंत्री रहे, लेकिन कभी निकाय और पंचायत चुनाव में हस्तक्षेप नहीं किया। उन्होंने कहा- भाजपा को यह समझना होगा कि यह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता है, उन्हें इस तरह से भाजपा प्रताड़ित नहीं कर सकेगी। सभी कार्यकर्ताओं को मजबूती से विरोध करना होगा, क्योंकि यह भाजपा की नौटंकी है।

शतायु मतदाताओं का सम्मान, लोकतंत्र में योगदान को किया नमन

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर घर-घर पहुंचकर माला एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान, मतदाता अधिकारों के प्रति किया जागरूक

थिंक राजस्थान • पाली

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को पाली निर्वाचन क्षेत्र में निवासरत 100 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया। निर्वाचन विभाग की ओर से शतायु मतदाताओं के घर पहुंचकर उन्हें माला पहनाई गई तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में शतायु मतदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अपने जीवन के लंबे सफर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से देखा और मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने में भागीदारी निभाई है। ऐसे सभी शतायु मतदाता सम्मान के शत प्रतिशत पात्र हैं। उन्होंने शतायु मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के साथ मतदाता के अधिकार एवं दायित्वों के प्रति भी जागरूक किया।

माला पहना एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पाली निर्वाचन क्षेत्र में निवासरत शतायु मतदाताओं का विभिन्न स्थानों पर घर-घर जाकर सम्मान किया गया। मानपुरा भाकरी में कन्या, लचकी एवं मूली का माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। सम्मान मिलने पर शतायु मतदाता भावुक होकर गदगद हो उठीं। उन्होंने अपने समय में होने वाले मतदान और उस दौरान की चुनावी गतिविधियों से जुड़े कई रोचक संस्मरण भी साझा किए। वृद्धजन दिवस के अवसर पर पाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर भी शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), सुपरवाइजर, ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने शतायु मतदाताओं तक पहुंचकर सम्मान किया। कई स्थानों पर अधिकारियों एवं कार्मिकों ने घर-घर जाकर माला एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

सम्मान कार्यक्रम के दौरान शतायु मतदाताओं से संवाद कर उनके अनुभव जाने गए। साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व और मतदाता के अधिकारों एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ मतदाताओं का लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ाव नई पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायी है। इस अवसर पर चुनाव शाखा प्रभारी ललित कुमार दवे, सुरेश कुमार व्यास, रमेश कुमार अणकिया, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, स्वीप प्रभारी अनिल नामा, पार्षद बाबूलाल कीर, बीएलओ रामलाल मानपुरा, वीरेन्द्र सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हवा कंवर, अनुराधा, भोमाराम देवासी, हिन्दूराम देवासी, राजेन्द्र कीर, चौनसा कीर, गोपाल कीर, मगाराम कीर, सुगनादेवी, कमला देवी, केली देवी सहित संबंधित कार्मिक एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

कोर्ट परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर

रक्तचाप सहित विभिन्न जांचें निशुल्क की गई

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को तालुका विधिक सेवा समिति, पीपाड़ शहर की ओर से न्यायालय परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला के निर्देश तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के आदेशों की पालना में किया गया। शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति पीपाड़ शहर इंसाफ खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या शर्मा तथा बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाहा ने फीता काटकर किया। शिविर में चिकित्सा दल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की रक्तचाप सहित विभिन्न बुनियादी स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।इस अवसर पर अध्यक्ष इंसाफ खान ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के हित में विधिक सहायता एवं जागरूकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

मंडोर सुपरफास्ट में कल से बढ़ेंगे 2 एसी कोच

थिंक राजस्थान • मेड़ता

त्योहारी सीजन में बढ़ते यात्री भार को देखते हुए रेलवे ने जोधपुर-दिल्ली मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अस्थाई रूप से दो अतिरिक्त एसी कोच लगाने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस निर्णय से मेड़ता क्षेत्र के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। ट्रेन संख्या 22491/22492 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में एक सेकंड एसी और एक थर्ड एसी इकोनॉमी कोच बढ़ाए जाएंगे। इससे एसी श्रेणी में यात्रियों के लिए आरक्षित सीटों की उपलब्धता बढ़ेगी और काफी हद तक वेटिंग लिस्ट कम होगी।

सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि जोधपुर से ट्रेन में 3 से 9 अक्टूबर तक और दिल्ली से 4 से 10 अक्टूबर तक अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। त्योहारी सीजन में इन कोचों के जुड़ने से यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना भी बेहतर होगी। मंडोर सुपरफास्ट मेड़ता सेक्टर के गोटन, मेड़ता रोड और डेगाना रेलवे स्टेशनों पर ठहराव करती है। ऐसे में दो अतिरिक्त एसी कोच बढ़ने से मेड़ता क्षेत्र के यात्रियों को भी सीधा फायदा मिलेगा। त्योहारी सीजन में दिल्ली और जोधपुर के बीच आने-जाने वाले यात्रियों को एसी श्रेणी में अधिक सीटें उपलब्ध हो सकेंगी।

पीपाड़ एसडीएम नेमाराम रॉयल सहित जनप्रतिनिधि व पालिका अधिकारी रहे मौजूद

स्वच्छता ही सेवा अभियान: सफाई पखवाड़े की शुरुआत

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

राजस्थान सरकार के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को उपखंड व नगर पालिका प्रशासन पीपाड़ शहर के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता एवं सफाई पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के दौरान शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने घरों और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी नेमाराम रॉयल, नगर पालिका अध्यक्ष आशा देवी कच्छवाह, अधिशासी अधिकारी मोहम्मद सुहैल शेख सहित नगर पालिका के कार्मिक एवं शहर के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लोगों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

अधिशासी अधिकारी मोहम्मद सुहैल शेख ने लोगों से प्रत्येक घर में कचरा पात्र अथवा डस्टबिन रखने तथा घर से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। आमजन के सहयोग से ही पीपाड़ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है।

नगर पालिका अध्यक्ष आशा देवी कच्छवाह ने शहरवासियों से अपनी गली और मोहल्ले को साफ-सुथरा रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अभियान के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

रहस्य और एक्शन से भरी है नई नवेली की कहानी

मुंबई। मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म 'नई नवेली' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। । 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।

लाइफ Style

रूहानी

खूबसूरत हसीना का अनुष्का से है खून का रिश्ता

मैदान पर विराट के रिकॉर्ड और उपलब्धियों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई रिश्ते अब भी लोगों के लिए दिलचस्पी का विषय हैं। इसी बीच तेलुगु सिनेमा की एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस रूहानी शर्मा का एक पुराना दावा फिर चर्चा में है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ने खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताते हुए विराट कोहली को अपना जीजा कहा था। रूहानी शर्मा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ची ला सौ' से की थी। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रूहानी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। रूहानी शर्मा का जन्म 18 सितंबर 1994 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की। फिल्मों में आने के बाद उन्होंने तेलुगु और मलयालम सिनेमा में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। उनकी फिल्मों में हिटः द फर्स्ट केस, डर्टी हरी, 101 जिल्लाला अंदागाडू और सैंधव जैसे नाम शामिल हैं।' रूहानी शर्मा का विराट कोहली के साथ रिश्ता तब चर्चा में आया, जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताया था। इसी बातचीत में उन्होंने विराट कोहली को अपना जीजा भी कहा था। उनका कहना था कि वह अनुष्का शर्मा की कजिन हैं और इस रिश्ते की वजह से विराट उनके जीजू लगते हैं।



हॉलीवुड मसाला

32 साल छोटी गर्लफ्रेंड से की शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेता जिम कैरी ने अपनी गर्लफ्रेंड मिन आह से शादी कर ली है। 64 साल के अभिनेता और उनकी 32 साल की मिन ने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी की। यह शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई। अभिनेता की शादी की खबर कैरी और मिन आह के अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के कुछ ही महीनों बाद आई है। उन्होंने इस साल फरवरी में पेरिस में सीजर अवार्ड्स में एक साथ आकर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर किया था। अवार्ड शो में, कैरी को मानद सीजर अवार्ड मिला।



जेम्स बॉन्ड सहित कई चर्चित फिल्मों में किया था काम

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश फिल्म एडिटर जॉन ग्रोवर का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। जॉन ग्रोवर को हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों को एडिट करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की छह फिल्मों पर काम किया था। इनमें फॉर योर आइज ओनली (1981), द लिविंग डेलाइट्स (1987) और लाइसेंस टू किल (1989) जैसी फिल्मों में उन्होंने मुख्य एडिटर की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने द स्पाई हू लव्ड मी, मूनरेकर और ऑक्टोपुसी जैसी फिल्मों को तैयार करने में भी मदद की थी। अपने शुरुआती करियर में जॉन ग्रोवर ने स्टैनली कुब्रिक की चर्चित फिल्म '2001- ए स्पेस ओडिसी' और डेविड लीन की 'डॉक्टर जिवागो' में अनक्रेडिटेड असिस्टेंट एडिटर के रूप में काम किया था। ब्रिटिश फिल्म एडिटर्स के लंबे समय तक वाइस चेयरमैन रहे ग्रोवर को अप्रैल में संगठन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।



जेलर-2 का तीसरा गाना बिंदास रिलीज...

मुंबई। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का तीसरा गाना 'बिंदास'मेंकर्स ने रिलीज कर दिया है। साउथ की इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में नोरा फतेही काफी खास अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इस डांस नंबर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में नोरा फतेही काफी बोल्ड अवतार में दिखाई दे रही हैं। बिंदास गाने को अनिरुद्ध रविचंदर और दीप्ति सुरेश ने गाया है। फिल्म 'जेलर 2' के 12 गानों के एल्बम से यह तीसरा गाना रिलीज हुआ है। नोरा फतेही का यह गाना फिल्म के रिलीज की तरफ बढ़ते कदमों को दिखा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म 'जेलर 2' का एक हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।

सबा के साथ शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें

नई दिल्ली। बॉलीवुड के स्टार ऋतिक रोशन की इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस का ध्यान खींचा है। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने रिश्ते के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी पार्टनर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्स ने इस पर शानदार कमेंट कर रहे हैं। अभिनेता ने गुरुवार अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ बिताए पलों की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में ऋतिक और सबा को डूबते सूरज के सामने साथ खड़े देखा जा सकता है। एक और तस्वीर में कपल किसी एयरक्राफ्ट के अंदर सेल्फी के लिए पोज देते हुए दिख रहा है। एक और तस्वीर में वह समुद्र किनारे बैठे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने सबा आजाद के लिए एक प्यारा नोट लिखा है।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 से अचानक बाहर हुईं रीति, उदिति- माही ने बिगाड़ा खेल

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के घर में कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। शो में कंटेस्टेंट्स की रणनीति और रिश्तों के बीच हर दिन नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। शो में मिड-वीक एविक्शन हुआ, जिसमें रीति तिवारी का सफर अचानक खत्म हो गया। घर से बाहर निकलने वाली रिहति इस सीजन की पहली मिड-वीक एविक्टेड कंटेस्टेंट बनी हैं। उनका एविक्शन ऐसे समय हुआ, जब वह शो के जरिए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। दरअसल, हालिया टास्क में उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को एक खास 'वरदान' दिया गया। इस वरदान के तहत इन तीनों के पास किसी एक कंटेस्टेंट की लाइफलाइन छीनने का अधिकार था। यह फैसला घर के गेम पर बड़ा असर डाल सकता था, क्योंकि किसी कंटेस्टेंट की लाइफलाइन उसके शो में बने रहने की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। तीनों ने मिलकर रिहति तिवारी को निशाना बनाया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि रिहति पहले ही अपनी पहली लाइफ गंवा चुकी थीं। ऐसे में उनकी बची हुई लाइफलाइन भी छिन जाने के बाद उनके पास शो में टिके रहने का रास्ता नहीं बचा। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपना सामान पैक करके बिग बॉस का घर छोड़ना पड़ा। रीति तिवारी ने 'बिग बॉस 20' में अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की थी। शो में आने के पीछे उनका सपना खुद को एक रॉकस्टार के तौर पर स्थापित करना भी था। हालांकि उनका सफर उम्मीद के मुताबिक लंबा नहीं चल सका। मिड-वीक एविक्शन ने उनके इस सफर को अचानक रोक दिया।

केबीसी 18 के सेट पर बिग बी को लगी चोट

नई दिल्ली। बीते दिन अमिताभ बच्चन के साथ कौन बनेगा करोड़पति 18 के सेट पर हादसा हुआ। सदी के महानायक को शूटिंग के दौरान काफी चोट आई, जिससे उनके फैंस काफी परेशान हो गए। अभिनेता ने अब हाल ही में अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को हेल्थ अपडेट दी है। अमिताभ बच्चन ने अपने स्वास्थ्य पर अपटेड देते हुए बताया कि बीते दिन उन्होंने बैठकर ही अपने शो की ओपनिंग की। एक्टर बोले, 'आम तौर पर मैं सेंटर में खड़े होकर अपने शो का मोनोलॉग बोलता हूं, लेकिन आज मुझे घुटने में चोट लग गई है। बीते दिन शूट के दौरान, मैं गिर गया था और मेरे घुटने पर कई चोटें आईं।' इस दौरान अभिनेता ने अपने घुटने की तरफ इशारा करते हुए इंजरी के बारे में बताया। जब बिग बी स्टूडियो से बाहर आ रहे थे उस दौरान वह थोड़ा लड़खड़ा रहे थे, जिसे देखकर फैंस थोड़े चिंतित हो गए थे।

हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पूरी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म 2028 में रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि डायरेक्टर अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और जल्दी ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।

मुंबई। हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री' फ्रैंचाइजी का एक और चैप्टर दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। हाल ही में प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग को लेकर बात की और कन्फर्म किया कि 'स्त्री 3' 2028 में आएगी और राजकुमार राव इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के जरिए फिर दर्शकों के बीच धूम मचाएंगे। दिनेश विजान ने हाल ही में ये खुलासा किया। इवेंट के दौरान दिनेश विजान और राजकुमार राव ने फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म से लेकर अब तक के सफर के बारे में बात की और फिल्म के तीसरे भाग से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्देशक अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि फिल्म में वो सारी जानी-पहचानी चीजें होंगी जिन्हें दर्शक 'स्त्री' से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसकी कहानी अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और इस बार भी फिल्म में राजकुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है।

नई दिल्ली। काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण'में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फस्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है।

मनोरंजन का लगेगा मेला, लॉन्ग वीकेंड की बोरियत की होगी छुट्टी

आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। अक्टूबर का महीना सिनेप्रेमियो के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये ही वह मंथ है, जब कई बड़ी फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्टूबर के महीने की पहली फ्राइडे रिलीज की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें कुल 9 सीरीज और फिल्में शामिल हैं।

दृश्यम 3 : अक्टूबर की पहली सबसे बड़ी रिलीज फिल्म अजय देवगन की दृश्यम 3 है, जो अपनी तीसरी इंस्टॉलमेंट के साथ लौट रही है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में इस बार विजय सलगावकर का किस्सा आर या पार होने वाला है। उन पर एक नहीं, बल्कि कई पुलिस ऑफिसर्स की नजर है। दृश्यम 3 में उनके साथ मुख्य भूमिका में जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म-थिएटर्स, जॉनर- सस्पेंस थ्रिलर।

लव : क्या हो जब दो अलग-अलग डेटिंग एप के फाउंडर प्यार को लेकर अपनी थियोरी रियल लाइफ में टेस्ट करें तो? यही है #लव की कहानी, जिसमें एश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एक तरफ जहां तारा का मानना है कि प्यार कैलकुलेशन से होता है, तो वहीं मैथ्यू बिल्कुल अलग सोच का है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- रोमांटिक।

बेथलहम कुडुम्बा यूनिट : बेथलहम कुडुम्बा यूनिट' में ममिता बैजू और निविन पॉली ने मुख्य भूमिका निभाई है। कहानी एक ऐसे अनोखे रोमांस के बारे में है, जो किसी भी छोटे से समाज या मोहल्ले में फैल जाती है। जहां परिवार से कोई भी बात नहीं छुपती है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

पूजा मेरी जान : पूजा मेरी जान एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी कोर्टरूम के इर्द-गिर्द घूमती है। पूजा की जिंदगी की परतों को खोलती कहानी में उसकी पूरी लाइफ तब बदल जाती है, जब उसके द्वारा रिजेक्ट किया गया लड़का सुसाइड कर लेता है। इस कारण उसे सीरियस लीगल ट्रबल झेलना पड़ता है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जीफ, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

ड्रइंग लाइफ : फीचर फिल्म ड्रइंग लाइफ की कहानी अनिका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-थलग हुए परिवार को एक साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसकी बातचीत जेल में बंद एक कैदी से होती है। फिल्म का निर्देशन टेलर पेरी ने किया है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

प्रेम कीटाणु : यह एक हिंदी भाषीय रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहानी उत्तर प्रदेश के उन दोस्तों की कहानी है, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अचीव नहीं किया। स्कूल में उनके बुरे नंबर्स आए, प्यार में उनका दिल टूटा और साथ ही पेरेंट के प्रेशर को दिखाती ये कहानी बहुत ही मजेदार है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- कॉमेडी ड्रामा।

वैरायटी : हिंदी में जहां दृश्यम 3 सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाने आ रही है, तो वहीं कोलीन हूवर्स की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड फिल्म वैरायटी भी गांधी जयंती पर रिलीज हो रही है। यह एक हॉलीवुड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- साइकोलॉजिकल थ्रिलर।

दुपहिया सीजन 2 : धड़कपुर में एक बार फिर से चोरी को लेकर उथल-पुथल मचने वाली है। दुपहिया के सीजन वन को दर्शकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया था और अब अमेजन प्राइम वीडियो ने अब इसका दूसरा सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया है। नए सीजन में भोजपुरी स्टार निरहुआ भी हैं।

एशियाड हॉकी : पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में

आखिरी मिनट में गोल दागकर अभिषेक ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम लचर प्रदर्शन के बावजूद आखिरी मिनट में अभिषेक के गोल की मदद से बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। भारत ने पहले हाफ में तीन गोल करके 3-0 से बढत बना ली थी लेकिन दूसरा हाफ पाकिस्तान के नाम रहा जिसने तीन गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। ऐसा लग रहा था कि मैच पेनल्टी शूटआउट तक जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले अभिषेक ने गोल करके भारत को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल शनिवार को खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना मलेशिया या कोरिया से होगा।

पहले हाफ के बाद भारत ने बनाई 3-1 से बढ़त

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और 5वें मिनट में ही बढ़त बना दी। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह ने गोल करके खाता खोल दिया। इसके बाद हरमनप्रीत ने ही 13वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर को फिर गोल में तब्दील किया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 23वें मिनट में मैदानी गोल करते हुए स्कोर 3-0 किया। भारत के दबदबे के बाद दूसरे क्वार्टर में अबु मोहम्मद ने गोल किया। उन्होंने मैच के 30वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया।

रोचक रहा दूसरा हाफ

तीसरे क्वार्टर के दौरान 36वें मिनट में पाकिस्तान ने बाएं छोर से गोल करने का प्रयास किया, जिसे भारतीय गोलकीपर ने अपनी मुस्तैदी से असफल किया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले शाहिद हनान ने एक गोल करके स्कोर 2-3 कर दिया। वहीं चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पाकिस्तान से वाहिद राणा ने गोल करके स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी मिनट में अभिषेक ने गोल करते हुए भारत को 4-3 से जीत दिलाई।

1998 के बाद भारत के लिए हुआ ये कारनामा

भारतीय महिला हॉकी टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। ऐसे में 1998 के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब भारत की महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमें फाइनल में पहुंची थी। बता दें कि 1998 में हांगकांग खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को पेनल्टी में हराते हुए स्वर्ण जीता था। वहीं, भारतीय महिला टीम को फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ हार मिली थी।

भारत की पुरुष और महिला स्क्वाश टीम को कांस्य पदक

नागोया। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम का बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता में अपना खिताब बचाए रखने का सपना टूट गया और सेमीफाइनल में मलेशिया से 1-2 से हारने के कारण उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम भी तन्वी खन्ना की शानदार वापसी के बावजूद हांगकांग से 1-2 से हार गई और उसने भी अपने अभियान का अंत कांस्य पदक से किया। महिला वर्ग में स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह की पहले मैच में हार निर्णायक साबित हुई। स्क्वाश में कुल मिलाकर भारत ने एकल में दो रजत पदक, टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक और मिश्रित युगल में एक कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

सेफा. में सिर्फ तनवी ने ही जीता मैच

भारत से अनाहत सिंह हांगकांग के चान सिन युक से 2-3 से हार गईं। शुरुआती 2 गेम अनाहत ने 11-9, 11-8 से जीते, लेकिन इसके बाद चान ने वापसी करते हुए अगले 3 गेम अपने नाम किए। दूसरे मुकाबले में तनवी खन्ना ने बराबरी दिलाई। उन्होंने अपने से बेहतर रैंक वाली ली का यी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। निर्णायक मुकाबले में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हो जेलोक के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

स्क्वाश में भारत ने जीता चौथा पदक

एशियाई खेल 2026 में यह भारत को स्क्वाश में मिलने वाला कुल चौथा पदक है। उनसे पहले पुरुष एकल के फाइनल में अभय सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में मलेशिया के एन यो एनजी ने अभय को 3-0 से हराया। अनाहत को भी महिला एकल वर्ग में रजत मिला। वहीं, जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ 1-2 से हार मिली और कांस्य पदक से संतोष किया।

भारत का सेपकटेकरा में पदक पक्का

नागोया। भारत का एशियाई खेलों की सेपकटेकरा पुरूष 'क्वाड्रेंट' स्पर्धा में पदक पक्का हो गया जब टीम म्यामांर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने अपना अजेय अभियान कायम रखते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने म्यामांर को 10-15, 15-13, 15-7 से हराया। इससे पहले वियतनाम को 15-12, 15-9 से मात दी थी। ग्रुप बी में इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जायेगा।

फ्रांसिस और नोबल ने पुरुष स्किफ में रजत पदक जीता

गामागोरी सिटी। भारतीय जोड़ी मनु फ्रांसिस और कुरिसिंकल नोबल ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की सेलिंग प्रतियोगिता में पुरुष स्किफ की नौवीं रेस में रजत पदक जीता। फ्रांसिस और नोबल ने नौ रेस के बाद कुल 23 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे। दोनों भारतीय खिलाड़ी जो एर्नाकुलम के रहने वाले और आपस में ममेरे भाई हैं। चीन की जोड़ी ने 16 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में सबसे कम कुल अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। चीन की टीम में वेन जैडिंग और लियू तियान शामिल थे। हांगकांग चीन के अकिरा ल्यूक साकाई और रसेल आयल्सवर्थ ने 24 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

क्या होता है स्किफ सेलिंग खेल

पुरुष स्किफ सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और कुल अंक सबसे कम होने पर जीत दर्ज होती है। स्किफ छोटी और हल्की नौकाएं होती हैं।

विनाशकारी बाढ़ में खो गया नोबल का परिवार

केरल में 2018 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले मछुआरे के बेटे नोबल ने कहा कि अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना विशेष एहसास है। नोबल ने फाइनल के बाद कहा यह कड़ी प्रतियोगिता थी और हमने रजत पदक जीत लिया।''दोनों मुंबई स्थित आर्मी यॉटिंग नोड में प्रशिक्षण लेते हैं। फ्रांसिस ने कहा, ''यह बहुत कठिन था। हवा तेज थी। हम तेज हवा वाली परिस्थितियों में ज्यादा सहज नहीं हैं। लेकिन हम टिके रहे और किसी तरह रजत पदक जीत लिया।

खबर संक्षेप

यिबिंग के खिलाफ हारे नागल टेनिस में अभियान समाप्त

नागोया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को बृहस्पतिवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में चीन के वू यिबिंग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा जिससे एशियाई खेलों में भारत का टेनिस अभियान बिना किसी पदक के समाप्त हो गया। यिबिंग ने 29 वर्षीय नागल को एक घंटे 38 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। इसके साथ ही भारत का टेनिस अभियान पदक के बिना समाप्त हो गया। यह 1986 के बाद पहली बार है जब भारत एशियाई खेलों में टेनिस का एक भी पदक नहीं जीत सका।

भारत की वनडे टीम में कंबोज टी-20 के लिए धीर शामिल

गुवाहाटी। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मुल्लांपुर में शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर टीम में शामिल किया गया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ छह अक्टूबर से लखनऊ में शुरू होने वाली पांच मैच की सीरीज के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी बाहर करने का फैसला किया। यह फैसला न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और सुंदर अब तमिलनाडु के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। कंबोज फिलहाल पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेल रहे हैं।

नितेश ने रजत जीता, भारत का ग्रीको रोमन में चैंपियन का इंतजार जारी

नागोया। नितेश सिवाच को बृहस्पतिवार को यहां जापान के यूरी नाकाजातो से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारत का एशियाई खेलों में ग्रीको रोमन शैली के चैंपियन को देखने का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी बढ़ गया। नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग के इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश की लेकिन जापान के पहलवान ने उनकी एक नहीं चलने दी। नितेश आखिर में 0-4 से हार गए। भारत की तरफ से ग्रीको रोमन

शैली में एशियाई खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक 1962 में मालवा सिंह (52 किलोग्राम) और गणपत अंडालकर (97 किलोग्राम से अधिक) ने जीते थे।

ऐसा रहे दोनों के दांवपेंच

नाकाजातो ने पहले पीरियड के अंत तक 2-0 की बढ़त बना ली थी और अंत तक नितेश को 'हेड लॉक' पोजीशन में जकड़े रखा। स्थानीय खिलाड़ी ने इसके बाद नितेश का संतुलन बिगाड़ दिया और इस दांव को सफलतापूर्वक 'टेक डाउन' में बदलकर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। जब एक मिनट का समय बचा था तब भारतीय पहलवान को आक्रामक होने की जरूरत थी लेकिन जापान के पहलवान ने ऐसा नहीं होने दिया।

तीरंदाजी

गणेश ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय कंपाउंड तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। बुधवार को स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे गणेश ने स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर होने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया। भारत के 20 वर्षीय तीरंदाज ने कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 में से 14 तीर 10 अंक पर लगाए। गणेश को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ

144-148 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। भारतीय तीरंदाज मुमकाबले में पिछड़ता रहा और अंततः 29-30, 29-30, 29-28, 29-30, 28-30 से हार गया। गणेश ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चीह लुन चेन को 148-138 से हराया था। गणेश ने सभी पांच सीरीज में जीत दर्ज की। उनका स्कोर 29-28, 29-28, 30-29, 30-26, 30-27 रहा।

बल्लेबाज ने वक्त बर्बाद किया तो 5 रन की पेनल्टी महिला-पुरुष क्रिकेट में गेंद का वजन-साइज अलग

क्रिकेट के नियमों में कई बड़े बदलाव

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी ने गुरुवार को क्रिकेट के नियमों में बदलाव किए। अब बैटिंग के दौरान अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर समय बर्बाद करता है तो फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन मिलेंगे। पुरुष, महिला और जूनियर क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा तय की गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 या उसके बाद शुरू होने वाली इंटरनेशनल सीरीज पर लागू होंगे। जो सीरीज पहले से चल रही हैं, उनमें पुराने नियम ही लागू रहेंगे।

▶▶तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 रन: अब बैटर को गेंद खेलने के लिए तय समय के भीतर तैयार रहना होगा। तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन दिए जाएंगे।

▶▶दिन के टेस्ट में पिंक बॉल का ट्रायल: अब दिन में खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी पिंक बॉल का इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर किया जा सकेगा।

▶▶पुरुष और महिला क्रिकेट में गेंद अलग होगी: पुरुष और महिला क्रिकेट के लिए गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा होगी। पुरुषों की गेंद का वजन 156 से 163 ग्राम और साइज 22.4 से 22.9 सेंटीमीटर होगा। महिलाओं की गेंद का वजन 142 से 149 ग्राम और साइज 21.5 से 22 सेंटीमीटर होगा।

▶▶ओवरथ्रो नियम में बदलाव: अगर फील्डर गेंद को जानबूझकर स्टंप की ओर फेंककर रन रोकने या रन आउट करने की कोशिश करता है और गेंद आगे निकल जाती है, तो इसे ओवरथ्रो माना जाएगा।

▶▶रन आउट और स्टंपिंग के लिए गेंद पर पूरा कंट्रोल जरूरी: रन आउट या स्टंपिंग के मामले में अब सिर्फ गेंद को हाथ या ग्लव से छू लेना काफी नहीं होगा। फील्डर या विकेटकीपर के पास गेंद पर पूरा कंट्रोल होना जरूरी है।

▶▶आखिरी ओवर में विकेट गिरने से दिन का खेल खत्म नहीं: टेस्ट क्रिकेट में अब दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने से खेल अपने आप खत्म नहीं होगा। अगर आखिरी ओवर पूरा नहीं हुआ है और मौसम तथा मैदान की परिस्थितियां खेल के लिए सही हैं, तो बची हुई गेंदें उसी दिन कराई जाएंगी, अगले दिन नहीं।

भारतीय जूडोका इनुंगम्बी कांस्य का मुकाबला हारीं

नागोया। भारतीय जूडोका इनुंगाम्बी टी एशियाई खेलों में महिलाओं के 70 किलोवर्ग में मंगोलिया की अनुजिन उरान उलजी से कांस्य पदक का मुकाबला हार गई। अनुजिन ने चार मिनट के मुकाबले के बाद वाजा आरी से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में इनुंगम्बी ने अनुजिन के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया। वीडियो रिव्यू से स्कोरबोर्ड बदलने तक किसी भी खिलाड़ी ने स्कोर नहीं किया था, जिससे अनुजिन को फ्लिप के लिए युको मिल गया और मंगोलियन फाइटर 2-0 से आगे हो गई।

भारत सात अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और 10 अक्टूबर को पाक से भिड़ेगा

वनडे विश्व कप 2027

भाषा ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल अफ्रीकी महाद्वीप में होने वाले पुरुष वनडे विश्व कप का कार्यक्रम बृहस्पतिवार को घोषित कर दिया जिसके अनुसार पिछली बार का उपविजेता भारत अपने अभियान की शुरुआत सात अक्टूबर को केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम 10 अक्टूबर को जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत 14 अक्टूबर को सेंचुरियन (प्रिटोरिया, जिसे अब तशवाने के नाम से जाना जाता है) में अफगानिस्तान से भिड़ेगा, जिसके बाद 24 अक्टूबर को नवनिर्मित विक्टोरिया फॉल्स स्टेडियम में पानीसह-मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत का मुक़ाबला 17 अक्टूबर को ब्लूमफ़ोनटेन में एक क्वालिफ़ायर से होगा। दोनों सेमीफाइनल मैच क्रमशः 17 और 18 नवंबर को केपटाउन और सेंचुरियन में खेले जाएंगे जबकि फाइनल 21 नवंबर को वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। किसी भी टीम को फाइनल तक पहुंचने से पहले 11 मैच खेलने होंगे। फाइनल 12वां मैच होगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, सह-मेजबान जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और क्वालीफाई करने वाली टीमों में से एक के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, सह-मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और दूसरा क्वालीफायर शामिल हैं। ग्रुप लीग के चरण समाप्त होने के बाद, सुपर 7 टूर्नामेंट 25 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष तीन टीमें और दोनों ग्रुपों में से बेहतर स्थिति वाली चौथी टीम अगले चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत को ए1 श्रेणी में, ऑस्ट्रेलिया को ए2 श्रेणी में और पाकिस्तान को ए3 श्रेणी में रखा गया है। इंग्लैंड बी4 श्रेणी में है जबकि न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका क्रमशः बी1, बी2 और बी3 श्रेणी में हैं। यदि इनमें से कोई भी टीम क्वालीफाई करने में विफल रहती है, तो क्वालीफाई करने वाली टीम को स्वतः ही वह श्रेणी मिल जाएगी। मौजूदा आईसीसी वनडे रैंकिंग के अनुसार भारत को ए1 और पाकिस्तान को ए3 श्रेणी में रखा गया है, इसलिए यदि दोनों टीमें सुपर 7 के लिए क्वालीफाई करती हैं, तो वे सात नवंबर को केपटाउन में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। उससे पहले भारत को 28 अक्टूबर को जिम्बाब्वे के विक्टोरिया फॉल्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने का मौका भी मिलेगा।

टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से दी मात

भारत ने श्रीलंका को हराया, फाइनल में भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| निशिन

कठिन पिच पर ईशान किशन के 46 गेंद में नाबाद 80 रन की मदद से भारत ने एशियाई खेलों के पुरूष क्रिकेट सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को श्रीलंका को 124 रन से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली जहां सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

ईशान के 80 रन और वैभव सूर्यवंशी के 21 गेंद में 38 रन की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सात विकेट पर 169 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका ने पावरप्ले के भीतर ही छह विकेट 31 रन पर गंवा दिये थे और पूरी टीम 9.5 ओवर में 45 रन पर आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने पहली दो गेंदों पर ही दो विकेट ले लिये जिसके बाद अक्षर पटेल ने भी दो विकेट लिये। श्रीलंका के दो बल्लेबाज रन आउट भी हुए। श्रीलंका अब कांस्य पदक के लिये बांग्लादेश से खेलेगा जबकि भारत का सामना फाइनल में पाकिस्तान से होगा। दोनों मैच शनिवार को खेले जायेंगे।

किशन ने लगाया अपना 13वां अर्धशतक

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत ने जब 59 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब किशन क्रीज पर आए। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए कठिन नजर आ रही पिच पर श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ आकर्षक शॉट लगाए और 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 46 गेंदों में 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 13वां अर्धशतक साबित हुआ।

निचले क्रम में सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय

किशन नंबर-5 या उससे निचले क्रम पर सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने मनीष पांडे का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। बता दें कि पांडे ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में नाबाद 79 रन बनाए थे। इस सूची में युवराज सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2013 में राजकोट में नाबाद 77 रन की पारी खेली थी। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (71 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2022) भी सूची का हिस्सा हैं।

भारतीय कैप्टन ने विमान में दिखाया अदम्य साहस, प्लंबर से सीईओ तक बने संकटमोचक

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

दुबई से इजराइल जा रही फ्लाईदुबई के विमान एफजेड1073 की उड़ान में हवा के बीच हुए हमले के दौरान कॉकपिट में कैप्टन स्मित मच्छार और ओमानी सह-पायलट के बीच संघर्ष हुआ। चाकुओं के वार झेलने के बावजूद बुरी तरह से घायल हुए कैप्टन ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। उन्होंने गिरने से पहले कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया था। इसी बीच जब कॉकपिट खुला तो लहूलुहान कैप्टन को देख सभी यात्री सहम गए। इनमें चार यात्री तुरंत स्मित की मदद के लिए पहुंचे। इजराइल के राष्ट्रपति ने कैप्टन स्मित मच्छार के साहस, दृढ़ता और उन कदमों के लिए आभार जताया, जिनसे कई लोगों की जान बचाने में मदद मिली। चार यात्रियों यानिव हयून, ज्विका मानेस, असफ राजुआन और डॉक्टर शोटा मुसायेव के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।

▪ फ्लाईदुबई उड़ान हादसा

विमान में यात्रा कर रहे दो वैकल्पिक पायलटों ने भी बाद में कॉकपिट की कमान संभाली और विमान को सुरक्षित लैंडिंग तक पहुंचाया

इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यानिव हयून

प्लंबर यानिव हयून ने सबसे पहले हमलावर को पकड़ा

यात्री यानिव हयून पेशे से प्लंबर हैं। उन्होंने कॉकपिट में ओमानी सह-पायलट को देखा और उसे विमान के नियंत्रण से छेड़छाड़ करते हुए पाया। उन्होंने हमलावर को पकड़ लिया और उसे कॉकपिट से बाहर खींचने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने दूसरे यात्रियों को बुलाया और सभी ने मिलकर उसे जमीन पर दबोच लिया। हयून का काम यहीं खत्म नहीं हुआ। वह दोबारा कॉकपिट में पहुंचे, क्योंकि विमान अभी भी नियंत्रण खो रहा था। उन्होंने बताया कि वह टीवी पर एयर क्रैश इन्वेस्टिगेशन कार्यक्रम देखते हैं। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने विमान के नियंत्रण को संभालने की कोशिश की और विमान को सीधा करने में मदद की।

बैंक सीईओ मानेस ने हेडफोन की केबल से बांधे हाथ

ज्विका मानेस बैंक ल्यूमी की अंडरराइटिंग कंपनी के सीईओ हैं। उन्होंने बताया कि वो भी कॉकपिट की ओर जाने वाले यात्रियों में शामिल थे। उन्होंने दूसरे यात्रियों के साथ मिलकर ओमानी सह-पायलट को पकड़ने और काबू करने में मदद की। हमलावर लगातार छूटने की कोशिश कर रहा था, इसलिए यात्रियों ने उसे बांधने के लिए विमान में दिए गए मल्टीमीडिया हेडफोन की केबल का इस्तेमाल किया। कुछ यात्रियों ने दरवाजों को रोका और हमलावर को काबू में रखने में मदद की।

घटना की गहना जांच करेगा यूएई

इस जांच का सिरा संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई से जाकर जुड़ा है, यही वजह है कि उन्होंने इसकी गहन जांच का भरोसा दिया है। गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने एक बयान जारी किया। इसके अनुसार, यूएई के अटॉर्नी-जनरल, काउंसलर डॉ. हमद अल शम्सी ने घटना की परिस्थितियों और कारणों की जांच के लिए पब्लिक प्रॉसिक्यूशन के खास सदस्यों की एक टीम बनाने का आदेश दिया है।

इंश्योरेंस एजेंसी मालिक ने भी हमलावर को दबोचा

असफ राजुआन छुट्टी मनाकर थाईलैंड से लौट रहे थे। विमान का नियंत्रण खत्म हो रहा था इसे देखकर वे कॉकपिट की तरफ पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि कई यात्री हमलावर को काबू करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने ज्विका मानेस और दो अन्य यात्रियों के साथ मिलकर ओमानी सह-पायलट को पकड़ने में मदद की। राजुआन के अनुसार, यात्रियों और चालक दल ने करीब 50 मिनट तक हमलावर को काबू में रखा और विमान को सऊदी अरब में उतारने तक स्थिति संभाले रखी।

दंत चिकित्सक ने घायल कैप्टन को प्राथमिक उपचार दिया

शोटा मुसायेव पेशे से दंत चिकित्सक हैं। उन्होंने भी पायलट को देखकर कॉकपिट की तरफ दौड़ लगाई। शुरुआत में उन्होंने हमलावर को काबू करने में मदद की। जब सह-पायलट को बांध दिया गया तो मुसायेव ने घायल भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार की तरफ ध्यान दिया। उनके मुताबिक, कैप्टन के सिर और हाथों से काफी खून निकल रहा था। मुसायेव ने प्राथमिक उपचार देते हुए खून बहना रोकने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि वह विमान में मौजूद एकमात्र डॉक्टर थे।

ये रहा था पूरा घटनाक्रम

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई फ्लाइट में ओमानी को-पायलट ने भारतीय कैप्टन पर चाकू से हमला किया। 30 सेकंड में विमान 14,000 से 17,000 फीट तक नीचे आ गया। यात्री हवा में उछले। जख्मी हालत में कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोला। तीन इजराइली यात्रियों ने हमलावर को काबू किया।

खबर संक्षेप

अफगानिस्तान पर पाक का हमला, 9 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान के प्रवक्ता जुबैहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया है कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में कम से कम नौ अफगान नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। कुनार और हेलमंद प्रांतों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाया गया।

सीरिया में यात्री बस पर हमला, 7 की मौत

दमिश्क। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में बुधवार देर रात एक छोटी यात्री बस को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए। हमला पश्चिमी सीरिया के होम्स प्रांत में मस्याफ पुल के पास हुआ। हमले का मकसद पता नहीं चला है।

चीन के शोध संस्थान कर रहे ब्रिटेन में जासूसी

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों से चीन के एक शोध संस्थान के साथ सहयोग बंद करने को कहा क्योंकि ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी एमआई5 का मानना है कि यह संस्थान जासूसी गतिविधियों के केंद्र के रूप में काम करता है। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने यह जानकारी दी है।

जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री गोयल का स्पष्ट संदेश

भोजन सुरक्षा और सहयोग का माध्यम बना रहे घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है

भारत ने जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशों द्वारा उठाए गए वैध घरेलू कदमों को 'खाद्य के हथियारीकरण' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर चर्चा के दौरान यह अंतर स्पष्ट करने की जरूरत बताई। मिलवॉकी में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में 'दबावपूर्ण व्यापार कार्रवाई के जरिए खाद्य के हथियारीकरण' विषय पर सत्र के दौरान गोयल ने भारत का पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि साझा लक्ष्य यह होना चाहिए कि भोजन सुरक्षा, स्थिरता और सहयोग का माध्यम बना रहे। गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है।

खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर अंतर स्पष्ट करना जरूरी

जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

भारत-ईयू एफटीए को लागू करने की प्रगति की समीक्षा की

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल नेजी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के इतर यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफचोविच से मुलाकात की और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-ईयू एफटीए पर हस्ताक्षर और उसे लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा, भारत-ईयू ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सुधार और जी20 के साझा प्राथमिकता वाले मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

ईयू सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफचोविच और पीयूष गोयल

नई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की जरूरत: अमेरिका

जैमिसन ग्रीर

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने जी20 देशों से एक नए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दशकों पहले तैयार किया गया वैश्विक व्यापार तंत्र आज अतिरिक्त उत्पादन, आर्थिक दबाव, जबरन मजदूरी और अन्य नई चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। ग्रीर ने चार प्रमुख मुद्दों पर खुली चर्चा की जरूरत बताई। इनमें खाद्य आपूर्ति का राजनीतिक इस्तेमाल, संरचनात्मक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता, सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र सिद्धांत और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन मजदूरी शामिल हैं।

मेक्सिको के मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड

ब्राजील और मेक्सिको के मंत्रियों से की भेंट

पीयूष गोयल ने ब्राजील और मेक्सिको के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन दोनों देशों पर अमेरिका की ओर से अपनाई गई शुल्क नीति का काफी असर पड़ा है। गोयल ने विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी में जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक से इतर ब्राजील के व्यापार मंत्री मार्सियो फर्नांडो एलियास रोजा और विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की। उन्होंने मेक्सिको के अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड के साथ भी व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। मेक्सिको के मंत्री के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए गोयल ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत-मेक्सिको व्यापार एवं निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए गहरे सहयोग की अपार संभावनाओं और नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की।

भारत आएंगे स्विस राष्ट्रपति

5 अक्टूबर से तीन दिवसीय दौरा कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा होगी

पार्मेलिन और पीएम मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन 5 से 7 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस वर्ष यह उनका दूसरा भारत दौरा है। इस यात्रा के दौरान व्यापार, टेक्नोलॉजी और निवेश समेत कई अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति पार्मेलिन की यह भारत की पहली राजकीय यात्रा होगी और इस साल उनका दूसरा भारत दौरा होगा।

इससे पहले वह फरवरी 2026 में नई दिल्ली में हुए एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस यात्रा के दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। इस यात्रा के लिए पीएम मोदी ने निमंत्रण दिया था। राष्ट्रपति पार्मेलिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे

विदेश मंत्रालय बताया कि 5 अक्टूबर को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पार्मेलिन के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। दोनों नेता कई क्षेत्रों में भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इनमें व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता और संस्कृति और जनसंपर्क जैसे क्षेत्र शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार साझा करेंगे। इसके अलावा, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को लेकर भी चर्चा होगी। राष्ट्रपति पार्मेलिन 7 अक्टूबर 2026 को दूसरे इंडिया-ईएफटीए प्रॉस्पेरिटी समिट में हिस्सा लेंगे। इस समिट का आयोजन भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने की पहली सालगिरह के मौके पर किया जा रहा है। ईएफटीए देशों में स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश साझेदार है।

भारत दौरे पर आएंगे पोलैंड के पीएम

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क अक्टूबर के आखिर में भारत का दौरा करेंगे। उनके साथ पोलैंड की 100 प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि भी भारत आएंगे। पोलैंड के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम बेंगलुरु भी जाएंगे। इस यात्रा में आर्थिक मुद्दों और सहयोग पर खास जोर रहेगा। डोनाल्ड टस्क इससे पहले 2010 में पोलैंड के पीएम के तौर पर भारत आए थे। पीएम मोदी ने अपनी 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान टस्क को भारत आने का न्योता दिया था। डोमान्स्की ने कहा कि भारत और पोलैंड के रिश्ते बेहतर हो रहे हैं।

रक्षा लेखा विभाग के वार्षिक दिवस में राजनाथ बोले

राष्ट्र रक्षा में जीवन त्यागने वालों के बकाए का निपटारा जल्द करें

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नरक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 279वें वार्षिक दिवस समारोह में कहा कि डीएडी का लक्ष्य अधिकतम डिजिटलीकरण, स्वचालन और पारदर्शिता का होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले लोगों के वैध बकाए और सेवा अधिकारों का निपटारा करते समय रक्षा लेखा विभाग का पूरा ध्यान संवेदनशीलता, निष्पक्षता के साथ जिम्मेदारी से भरा हुआ होना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर यह जानकारी दी।

'संपूर्ण' के तीव्र कार्यान्वयन पर दिया जोर

डीएडी की बैठक को संबोधित करते राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने संपूर्ण के भी जल्द कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। यह एक पूर्णतः स्वचालित, संपूर्ण राजस्व प्राप्ति प्रणाली है और इसे एक मूल्यवान निर्णय समर्थन प्रणाली के लिए डेटा एनालिटिक्स, एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाने के मकसद से तैयार किया गया है।

नई तकनीक अपनाने पर 'सक्षम' को सराहा

राजनाथ सिंह ने डीएडी की 'सक्षम' परियोजना की प्रशंसा की है। यह एक सुरक्षित और समर्पित डेटा सेंटर पर होस्ट किए गए, डीएडी डब्ल्यूएएन नेटवर्क पर संचालित रक्षा लेखांकन, भुगतान प्रणाली का डिजिटलीकरण के साथ एकीकरण करती है। मूलरूप से यह परियोजना नई तकनीक का उपयोग करती है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

अहमदाबाद धमाकों में आरोपी सदस्य की फांसी पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2008 के अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के एक आतंकी की मौत की सजा पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अहमद बावा उर्फ अब्बू अबुबकर बरलेवी की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। बावा ने गुजरात हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत द्वारा उसे सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। शीर्ष अदालत ने मामले में निचली अदालत का रिकॉर्ड भी तलब किया है। 7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। अदालत ने बड़ी संख्या में लोगों की मौत, हमले की साजिश रचने और आतंक फैलाने का दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी।

दिल्ली में पकड़ा गया विदेश भेजने वाला फर्जी ऑफिस

नौकरी का वादा कर 46 लोगों से की ठगी 19 पासपोर्ट, 10 एटीएम और सोना बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इजराइल और इराक के वीजा और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कम से कम 46 लोगों से कथित तौर पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके सरगना और एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी अबीर पोइलान (45) और दिल्ली के संगम विहार निवासी मुस्तकीम (38) के रूप में हुई है।

जब्त पासपोर्ट, एटीएम और सोना

इजराइली वीजा 1.70 लाख में दे रहे थे

आरोपियों ने कथित तौर पर इजराइली का वीजा दिलाने के लिए प्रति व्यक्ति 1.70 लाख रुपए और इराक के वीजा के लिए 70,000 रुपए लिए और विदेश में नौकरी दिलाने का वादा किया। पोइलान के पास से ठगी की रकम से खरीदे गए 31 ग्राम सोने के सिक्के, 19 पासपोर्ट, 5 मोबाइल फोन, 3 कंप्यूटर, एक प्रिंटर बरामद हुआ।

भारत ने जीवन रक्षा के लिए जताया आभार

17 भारतीय मछुआरे समुद्र में फंसे, सेशेल्स ने पहुंचाई मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दक्षिण-पश्चिम में करीब 4 हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेशेल्स के समुद्र तट के पास इंजन में आई खराबी की वजह से संकट में फंसी नाव 'आईएफबी साजिरा' पर सवार भारत के 17 मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जिसमें सेशेल्स की सरकार द्वारा प्रदान की गई त्वरित कार्रवाई का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को एक्स पर बताया कि भारत सरकार ने अपने देश के 17 लोगों की मुश्किल के समय पर की गई जीवन रक्षा के लिए सेशेल्स के प्रति आभार जताया है। उन्होंनेकहा कि इस घटना से भारत और सेशेल्स के बीच मौजूद स्थायी और मित्रतापूर्ण संबंधों का साक्षात प्रमाण देखने को मिलता है। इसके अलावा दोनों देशों की आम-जनता की सुरक्षा और कल्याण को लेकर बनी हुई साझा प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होती है।

भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच समुद्री अभ्यास 'वरुण' शुरू

दोनों देशों के नौसैनिकों के बीच दोस्ती मजबूत हुई

नौसेना के आईएनएस त्रिशूल ने दिखाई अपनी ताकत, लक्ष्यों पर की 'फायरिंग'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच होने वाला द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'वरुण' एक बार फिर दोनों देशों की मजबूत समुद्री साझेदारी का प्रतीक बना है। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल फ्रांस के टूलॉन बंदरगाह पहुंचा।

यहां भारतीय युद्धपोत ने अभ्यास 'वरुण' के 24वें संस्करण में हिस्सा लिया। अभ्यास में एनएच-90 हेलीकॉप्टरों और अटलांटिक-2 समुद्री गश्ती विमानों ने भी हिस्सा लिया। दोनों नौसेनाओं ने पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह पर मौजूद लक्ष्यों के खिलाफ अभियान और वास्तविक फायरिंग अभ्यास किए। इसके अलावा दोनों नौसेनाओं के हेलीकॉप्टरों की एक-दूसरे के जहाजों पर उतरने की गतिविधियां भी की गईं। इन अभ्यासों से समुद्र में दोनों नौसेनाओं के बीच संचालन क्षमता, तालमेल और आपसी समझ को और बेहतर करने का अवसर मिला।

अभ्यास करते नौसैनिक

जहाज को जल तोपों की सलामी

सबसे पहले टूलॉन पहुंचने पर फ्रांसीसी नौसेना ने आईएनएस त्रिशूल का गर्मजोशी से स्वागत किया। जहाज को औपचारिक जल तोपों की सलामी दी गई। इसके बाद बंदरगाह वरण में दोनों नौसेनाओं के बीच पेशेवर, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी समझ, समुद्री सहयोग और पेशेवर संबंधों को और मजबूत करना था।

दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने की मुलाकात

आईएनएस त्रिशूल के कमांडिंग ऑफिसर ने फ्रांसीसी नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने रियर एडमिरल मैकारा ऊक, संचालन के लिए उपकमांडर-इन-चीफ से भी मुलाकात की। इस दौरान समुद्री अभियानों और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। अभ्यास के दौरान दोनों नौसेनाओं के जवानों और अधिकारियों ने एक-दूसरे के जहाजों का दौरा किया। आईएनएस त्रिशूल के चालक दल ने फ्रांसीसी नौसेना के प्रमुख युद्धपोतों चार्ल्स द गॉल, फोर्बिन और ला फायेते का दौरा किया। इस दौरान भारतीय नौसैनिकों ने विमानवाहक पोत से जुड़े अभियानों, विमानन सुविधाओं और जहाज पर अपनाई जाने वाली संचालन प्रक्रियाओं को करीब से समझा। दोनों पक्षों के बीच परिचालन अनुभव भी साझा किए गए।

वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

फ्रांस यात्रा के दौरान आईएनएस त्रिशूल के कमांडिंग ऑफिसर, अधिकारियों और जवानों ने मार्सेय के मजार्ग युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस स्मारक पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले 205 भारतीय सैनिकों की स्मृति जुड़ी है। यह कार्यक्रम दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सैन्य संबंधों की याद भी दिलाता है। भारतीय नौसैनिकों ने इन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को नमन किया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415